


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



वर्ष 03, अंक 215 | ग्वालियर मंगलवार 11 अगस्त 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8

## अंडमान-निकोबार में मिलेगी तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी, पीएम ने किया परियोजना का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चेन्नई और पोर्ट ब्लेयर को जोडने़ वाली सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल कनेक्टिविटी परियोजना का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज का दिन अंडमान-निकोबार के दर्जनों द्वीपों में बसे लाखों साथियों के लिए तो अहम है ही, पूरे देश के लिए भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन करते हुए, करीब डेढ़ वर्ष पहले मुझे सबमरीन ऑप्टिकल फाइबर केबल कनेक्टिविटी परियोजना के शुभारंभ का अवसर मिला था। मुझे खुशी है कि अब इसका काम पूरा हुआ है और आज इसके लोकापज़्ण का भी सौभाग्य मुझे मिला है उन्होंने कहा कि चेन्नई से पोर्ट ब्लेयर, पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान और पोर्ट ब्लेयर से स्वराज द्वीप तक, अंडमान-निकोबार के एक बड़े हिस्से में ये सेवा आज से शुरु हो चुकी है। समंदर के भीतर करीब 2300 किलोमीटर तक केबल बिछाने का ये काम समय से पहले पूरा करना, अपने आप में बहुत प्रशंसनीय है। वहीं इस मौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंडमान-निकोबार के लोगों को अनंत अवसरों से भरी इस कनेक्टिविटी के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि अब अंडमान-निकोबार के लोगों को भी मोबाइल कनेक्टिविटी और तेज इंटरनेट की वही सस्ती और अच्छी सुविधाएं मिल पाएगी, जिसके लिए आज पूरी दुनिया में भारत अग्रणी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि




हमारा समर्पण रहा है कि राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े बॉर्डर एरिया और समुद्री सीमा से जुड़े क्षेत्रों का तेजी से विकास हो। अंडमान-निकोबार को बाकी देश और दुनिया से जोडने़ वाला ये ऑप्टिकल फाइबर प्रोजेक्ट, ईज ऑफ लिविंग के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आने वाले समय में अंडमान निकोबार, पोर्ट लेड डेवलपमेंट के हब के रूप में विकसित होने वाला है। अंडमान-निकोबार दुनिया के कई पोर्टस से बहुत कॉम्पिटिटिव डिस्टेंस पर स्थित है। उन्होंने कहा कि अंडमान और निकोबार के 12 आइलैंड्स में हाई इंपैक्ट प्रोजेक्टस का विस्तार किया जा रहा है। मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी की एक बहुत बड़ी समस्या का समाधान तो आज हो चुका है। इसके अलावा रोड, एयर और वॉटर के जरिए फिजिकल कनेक्टिविटी को भी सशक्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नॉर्थ और मिडिल अंडमान की रोड कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 2 बड़े ब्रिज और एनएच-4 के चौड़ीकरण पर तेजी से काम हो रहा है। पोर्ट ब्लेयर एयरपोर्ट में एक साथ 1200 यात्रियों को हैंडल करने की कैपेसिटी आने वाले कुछ महीनों में बनकर तैयार हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आइलैंड के बीच और बाकी देश से वाटर कनेक्टिविटी की सुविधा को बढ़ाने के लिए कोची शिपयार्ड में जो 4 जहाज बनाए जा रहे हैं, उनकी डिलिवरी भी आने वाले कुछ महीनों में हो जाएगी।

### कोरोना का कहर

## भारत में पहली बार 24 घंटे में 1000 से ज्यादा मौतें

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का ग्राफ लगातार रिकॉर्ड बना रहा है। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना से मौत के आंकड़े में सबसे बड़ा उछाल आया है। देश में पहली बार एक दिन में इस महामारी से 1000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार की सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक रविवार को भारत में कोरोना के 62,064 नए मामले सामने आए और 1007 लोगों की मौत हो गई। इसी के साथ देश में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 44,386 पहुंच गई है। झारखंड के मुख्यमंत्री का आवास कोरोना का हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। सीएम आवास में अबतक लगभग 100 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार का दो बार कोरोना टेस्ट हो चुका है। देश में मिजोरम एक मात्र ऐसा राज्य है जहां कोरोना से अभी तक एक भी व्यक्ति की जान नहीं गई है।देश में कोरोना के 4,77,023 सेंपल टेस्ट किए गए। इसी के साथ भारत में कोरोना के टेस्ट का आंकड़ा 2,45,83,558 पहुंच गया है। इससे पहले शनिवार को कोरोना वायरस के लिए जांच की क्षमता को बढ़ाते हुए एक दिन में 7 लाख से अधिक नमूनों



की जांच की गई थी।दुनिया में भी कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। मरीजों की संख्या 2 करोड़ के करीब पहुंच गई है। जल्द ही ये आंकड़ा 2 करोड़ पार कर जाएगा। वहीं दुनिया के 213 देशों में कोरोना से 7 लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।अमेरिका में कोरोना मरीजों की संख्या 51.5 लाख को पार कर गई है। वहीं ब्राजील में कोरोना मरीजों का आंकड़ा 30 लाख के पार पहुंच गया है। यूरोप में एक बार फिर कोरोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते 24 घंटों में यहां करीब 23 हजार नए मामले सामने आए। सबसे ज्यादा मामले रूस और स्पेन में पाए गए हैं। इस बीच न्यूजीलैंड में कोरोना मुक्ति के सौ दिन पूरे हो चुके हैं।

### ग्वालियर में आज निकले 89 कोरोना पॉजिटिव

ग्वालियर। लॉक डाउन की पाबंदियां हटने के साथ ही कोरोना भी अब बेकाबू होता जा रहा है !प्रशासन ने कोरोना से निपटने का काम पूरी तरह से जनता के हवाले कर दिया है! कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के प्रशासन के सारे दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं! बाजारों में उमड़ती भीड़ और गाइड लाइन का उल्लंघन होने से कोरोना के मरीज कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं! सोमवार को आई जांच रिपोर्ट में 89 कोरोना पॉजिटिव के मामले सामने आए हैं! जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या 3000 के पार हो चुकी है! वही 2340 मरीज ठीक हो कर घर जा चुके हैं तो 705 मरीजों का अस्पताल में उपचार चल रहा है!

### रिया पहुंची सुप्रीम कोर्ट

## लगाया मीडिया ट्रायल का आरोप, कहा- फैसला से पहले ही बना दिया दोषी

**नई दिल्ली।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने सुप्रीम कोर्ट में एक नई याचिका दायर की है। इस याचिका में उन्होंने मीडिया ट्रायल और अभिनेता की मौत के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराने की कोशिश किए जाने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अपनी याचिका में रिया ने यह भी कहा है कि बीते एक महीने में सुशांत की ही तरह



अभिनेता आशुतोष भाकरे और समीर शर्मा ने भी आत्महत्या की है, लेकिन इन मामलों में मीडिया में कोई चर्चा नहीं हुई। बता दें कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी रिया चक्रवर्ती से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) मामले में पूछताछ कर रहा है। आज सोमवार 10 अगस्त को ईडी ने रिया और उनके पिता और भाई से पूछताछ की।

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी हुये कोरोना संक्रमित, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली.** देश के पूर्व राष्टपति प्रणब मुखर्जी कोरोना संक्रमित हो गये हैं. उन्होंने सोमवार की दोपहर को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी. प्रणब मुखर्जी ने ट्वीट में लिखा कि इस बार अस्पताल की यात्रा एक अलग प्रक्रिया के लिए, मैं कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया हूं. प्रणब मुखर्जी ने अपने ट्वीट में लिखा कि पिछले एक हफ्ते में जो भी लोग मेरे संपर्क में आए हैं, मैं उनसे अपील करता हूं कि वो सभी टेस्ट करवाएं और आइसोलेट हो जाएं. गौरतलब है कि प्रणब मुखर्जी की उम्र 84 साल है, ऐसे में बढ़ती उम्र के कारण भी उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

## राहुल-प्रियंका से मिले पायलट, विस सत्र से पहले घर वापसी की उम्मीदें बढ़ी

**नई दिल्ली।** राजस्थान में विधानसभा का सत्र शुरू होने से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर बगावत करने वाले सचिन पायलट ने सोमवार 10 अगस्त को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि ये तीनों के बीच हुई ये मुलाकात सकारात्मक रही है, ऐसे में संकेत दिख रहे हैं कि सचिन पायलट को कांग्रेस मनाने में कामयाब रही है। आपको बता दें कि 14 अगस्त से



ही राजस्थान में विधानसभा का सत्र चल रहा था, उससे पहले सचिन पायलट गुट ने सत्र में शामिल होने के संकेत दे दिए थे। अब प्रियंका और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि सचिन पायलट अपनी नाराजगी भूलकर पार्टी में वापस आएंगे। इससे पहले भी जब सचिन पायलट ने बगावत की थी, तब प्रियंका गांधी वाड्रा से उनकी कई बार फोन पर बात हुई थी और उन्होंने मसला सुलझाने की कोशिश की थी।

## थमे ट्रकों के पहिये 12 अगस्त तक माल ढुलाई परिवहन सेवा रहेगी ठप्प



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में परिवहन विभाग की चौकियों से हो रही वसूली और डीजल पर लग रहे सबसे ज्यादा वैट समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के 6 लाख ट्रक और अन्य वाणिज्यिक माल परिवहन वाहन के ट्रांसपोर्टर 10 से 12 अगस्त तक हड़ताल पर रहेंगे। यह फैसला इंदौर ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के आव्हान पर लिया गया है। हड़ताल के दौरान दूसरे राज्यों से प्रदेश में हर दिन गुजरने वाले 30 हजार परिवहन वाहनों को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही प्रदेश में डीजल-पेट्रोल टैंकर भी नहीं चलने दिया जाएगा। ऐसे में प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की भी किल्लत हो सकती है।

### इन मांगों को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन कर रहा हड़ताल

1-डीजल पेट्रोल पर बढ़ाया गया एडिशनल चार्ज कम किया जाए.

2-लॉकडाउन में जो गाड़ियां नहीं चली उनका रोड टैक्स, गुड्स टैक्स माफ किया जाए.

3-परिवहन चौकियों पर अवैध उगाही बंद की जाए.

4- प्रदेश में कोरोना के बीच काम करने वाले ड्राइवर भाइयों को कोरोना योद्धा माना जाए. साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से बीमा सुरक्षा दिया जाए.

## आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप की दौड़ में शामिल हुई बाबा रामदेव

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल स्पॉन्सर की दौड़ में एक और कंपनी का नाम सामने आ रहा है। चीनी मोबाइल कंपनी वीवो के इस साल के लिए टाइटल स्पॉन्सर से हटने के बाद योगगुरु बाबा रामदेव की कंपनी पंतजलि भी इस दौड़ में शामिल हो गई है। कंपनी की ओर से इस बात की पुष्टि भी हो गई है। पंतजलि के प्रवक्ता तिजारावाला ने कहा, हम इस साल आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल करने के बारे में सोच रहे हैं, क्योंकि हम पतंजलि ब्रांड को एक वैश्विक मंच पर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह भारतीय



क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को इसके लिए एक प्रस्ताव भेजने की तैयारी में हैं। बाजार के जानकार हालांकि इस बात को मानते हैं कि एक चीनी कंपनी के विकल्प के दौर पर एक राष्ट्रीय ब्रांड के तौर पर पंतजलि का दावा बहुत मजबूत है लेकिन उनका यह भी मानना है कि उसमें एक मल्टीनैशनल ब्रांड के तौर पर स्टार पावर की कमी है। भारत और चीन के बीच तनाव के चलते चीनी मोबाइल फोन निर्माता कंपनी वीवो ने इस साल टाइटल स्पॉन्सरशिप से हटने का फैसला किया था। इसके बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भी इस पर मुहर लगा दी थी।

## मध्यप्रदेश में न गणेश पंडाल सजेगें, न ताजिया निकलेगें

**जबलपुर/भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना संकटकाल के चलते इस बार सार्वजनिक स्थानों पर न तो गणेश पंडाल सजेगें, न ही गणेश विसर्जन चल समारोह निकलेगा, इसी तरह ताजिया व सवारी जुलूस निकाला जाएगा। इस आशय की जानकारी एमपी के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा पत्रकारों से चर्चा में कही है। बताया जाता है कि कोरोना संकटकाल के चलते इस बार जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं किए जा रहे



है, ताकि कोरोना की चैन को तोड़ा जा सके। रक्षाबंधन के बाद से अब देवउठनी ग्यारस तक त्यौहार ही त्यौहार है, त्यौहारों पर होने वाली भीड़ से संक्रमण के फैलने का खतरा हो सकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए क ोई भी गणेश जी की प्रतिमा को सार्वजनिक स्थान पर नहीं रखेगा, न ही कोई जुलूस निकलेगा, इसके अलावा मोहर्रम में न ही ताजिया, सवारियां निकलेगी। केन्द्र की गाइड लाइन के मुताबिक 5 लोगों को ही एकत्र होने की व्यवस्था होगी। गृहमंत्री श्री मिश्रा ने चर्चा के दौरान कहा कि त्यौहारों के मौके पर होने वाले धार्मिक आयोजन व भंडारे भी नही किए जाएगें, क्योंकि इस तरह के आयोजनों में भीड़भाड़ होने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ सकता है। श्री मिश्रा ने आने वाले त्यौहार नवरात्र को लेकर भी चर्चा में कहा कि नवरात्र पर दुर्गा जी की प्रतिमा व झांकिया भी नही लगेगी, कोई भी राजनैतिक कार्यक्रम भी नही होगा, नवरात्र पर होने वाले भंडारों का आयोजन भी नहीं किया जाएगा।

ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।
संपर्क करें
कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560
Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

# भारतीय नमो संघ संगठन में ब्रजेश तिवारी पूर्व पार्षद को सोपी गयी भिंड जिला अध्यक्ष की कमान,

## मोदी सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं को जन जन तक पहुचाना नमो संघ का उद्देश्य

**भिंड।** भारतीय नमो संघ के राष्टीय अध्यक्ष मनोज कुमार मन्नू जी एवं भाजपा की राष्टीय मंत्री नमो संघ की संरक्षिका दिल्ली राष्टीय कार्यालय की प्रभारी श्री पूजा कपिल मिश्रा जी एवँ भाजपा के राष्टीय उपाध्यक्ष दुष्यंत गौतम जी एवम नमो संघ के राष्टीय महामंत्री दिनेश भाटिया, के निर्देश पर मध्यप्रदेश के नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित ने प्रदेश में चल रहे संगठन विस्तार के तहत लहार विधानसभा क्षेत्र के मिहोना नगर के पूर्व पार्षद भाजपा नेता ब्रजेश तिवारी को नमो संघ का भिंड जिला अध्यक्ष बनाया गया,,,, इस अवसर पर नमो संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा नेता मुकेश दीक्षित कहा नमो संघ का उद्देश्य मोदी जी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाना है,,मुकेश दीक्षित ने आगे कहा कि ने कहा नमो संघ का पूरे मध्यप्रदेश में संगठन विस्तार चलाया जा रहा है नमो संघ का उद्देश्य सत्ता नही व्यवस्था परिवर्तन का है भ्रस्टाचार ,जातिवाद अलगाववाद मुक्त अखंड भारत निर्माण करना है, ओर मोदी सरकार की जन हितेषी योजनाओं को आम जनता तक पंहुचाना ओर



उनको लाभ दिलाने का काम करना है,पूरे प्रदेश में नमो संघ का सदस्यता अभियान भी आगामी माह से प्रारम्भ किया जाएगा एवम सभी जिलों में जन जागरण यात्राये ओर जन समस्याओं को लेकर शिविर लगाये जायेंगे,तथा लोगो को संगठन से जोड़ा जाएगा,उन्होंने आगे कहा अव वो दिन दूर नही जब हमारा देश अखंड भारत विश्व गुरु कहलायेगा,उन्होंने आगे कहा की मोदी सरकार ने जन हित में सेकड़ो जन कल्याणकारी योजनाओं को लाकर आम आदमी के हित मे बहुत सराहनीय कार्य किया है,ओर जो वादे चुनावी समय में मोदी जी द्वारा किये गए थे उन सभी बादो को पूरा किया है,,जिसमे प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुषमान भारत योजना ,ओर किसान समृद्धि योजना आम आदमी के लिए बरदान सावित हो रही है,उन्होंने आगे कहा राम मंदिर का जो काम पिछले 500 बर्षो से नही हो पाया था उसको भी मोदी सरकार ने पूरा किया है ,ओर देश हित में ऐतिहासिक फैसले किये गए, इस अवसर पर नव नियुत्त हुए भिंड जिला अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी ने कहा कि संघठन ने जो मुझे जिम्मेदारी सौपी है उसे में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा,ओर मोदी जी की नीतियों और उनके विचारों को जन जन तक पहुचाने का कार्य करूँगा,ओर राष्ट हित में काम कर रही भारतीय जनता पार्टी को आवे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा,,इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ब्रजेश तिवारी को नमो संघ परिवार में सम्मलित होने पर सभी बरिष्ठ जनों ने बधाई,बधाई देने बालो में प्रदेस प्रभारी अस्वनी चौधरी, भारतीय नमो संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रामेन्द्र शर्मा,नमो संघ अल्पसंख्यक प्रकोष्ट के प्रदेश संयोजक इमरान अली खान, प्रदेश महासचिव जबलपुर नीरज वर्मा,अरविंद नरवरिया प्रदेश उपाध्यक्ष ग्वालियर,प्रदेश महामंत्री संतोष राठौड़,महामंत्री फरमान हुसेन,दिनेश राजोरिया प्रदेस सचिव,संभागीय प्रभारी पुष्पपेंद्र परमार,भाजपा युवा पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन मिश्रा,मनोज महते,जिला उपाध्यक्ष हिरदेश सोनी,,युवा मोर्चा प्रदेश सचिव अम्बरीष कौशिक,मीडिया प्रभारी आशीष श्रीवास्तव, सहित सभी भाजपा और नमो संघ कार्यकर्ताओं ने बधाई,,,

---

हरियाली महोत्सव के अंतर्गत बेटी बचाओ

## प्रकृति एव जन्मस्टमी थीम पर महिलाओ एव बेटियों ने बनाई मनमोहक रंगोली

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

ग्वालियर,बेटी है तो कल सामाजिक संस्था की मीडिया प्रभारी अंजुम बानो ने बताया कि संस्था द्वारा ㈐हरियाली महोत्सव㈐ के अंतर्गत ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसके चतुर्थ चरण में ㈐रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जसकी कार्यक्रम आयोजक पूनम गिरी ओर जजमेन्ट के रूप में संस्था अध्यक्ष डॉ वंदना भूपेंद्र प्रेमी ,सोनल पाल एव संगिता अग्रवाल थी। कार्यक्रम पुन्यत: ऑनलाइन था जिसमे सभी ने अपने अपने घरों के आंगन एवं दरवाजे पर बेटी बचाओ, श्रीकृष्ण जन्मस्टमी एव हरियाली पर मनमोहन रांगोली बनाते हुए केऑनलाइन फोटो भेजे थे। जिसमें लगभग 50 से अधिक बहनों ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए रंगोली के फोटो भेजे थे



। इस संदर्भ में डॉ वंदना भूपेंद्र प्रेमी ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा अपने अपने घरों में पूरी लगन और मेहनत से हमारी बेटियों एव महिलाओ ने इतनी सुंदर सुंदर रंगोली बनाई है जिन्हें देखते नजर नही हट रही है यह रंगोली इतनी मनमोहक है कि जजमेन्ट करने में काफी मसक्कत करना पड़ी। हरियाली महोत्सव रंगोली ऑनलाइन प्रतियोगिता यह प्रतियोगिता तीन वर्ग में आयोजित की गई थी जसमे ए वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवांगी पाल -वंशिता अग्रवाल एवं जया निगुडकर रही। वही बी ग्रुप में द्वितीय स्थान पर रश्मि नागर-दीपाली बाथम एव साक्षी राजावत रही। सी ग्रुप के तृतीय स्थान पर पूजा खेमानी-प्रियंका अग्रवाल एव नेहा अग्रवाल रही। वही डी ग्रुप में चतुर्थ स्थान पर-भावना निरंकारी एव अर्पिता अग्रवाल विनर रही। प्रतियोगिता का की उपसंयोजिका पूनम गिरी एव जजमेन्ट सोनल पाल व सांगिता अग्रवाल ने किया। इन सभी विजेताओं को जल्द ही ई-सर्टिफिकेट एव जजमेन्ट सोनल पाल की तरफ पांचो विजेताओं को गिफ्ट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में सोनल पाल,सांगिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पूनम गिरी रेखा अग्रवाल सपना पाल ,ज्योति दुबे,प्रियंका अग्रवाल ने सहयोग प्रदान किया। वही संस्था द्वारा अभी *देशभक्ति पर चित्रकला प्रतियोगिता * ओर *बाँसुरी सजाओ प्रतियोगिता* के पंजीयन किये जा रहे है जो भी प्रतिभागी प्रतियगीता में पंजीयन करना चाहे वह नि:शुलक पंजीयन करा सकते है।

---

## 5 क्विंटल के हवन यज्ञ का आयोजन

**अमित कुमार रिपोर्टर**

अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखे जाने के उपलक्ष में बाबा चंचल सिंह की ओर से पलवाल ब्लॉक रति छपड़ी में सवा 5 क्विंटल के हवन यज्ञ का आयोजन किया गया ! इस दौरान पूर्ण रूप से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी किया गया बाबा चंचल सिंह ने इस अवसर पर कहा कि श्री राम जन्मभूमि का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ही संभव हुआ है और वह 500 साल के भारत के सबसे बड़े नेता के रूप में उभर कर सामने आए हैं उन्होंने कहा कि देश में बहुत से



नेता हुए जिन्होंने देश का प्रभावी नेतृत्व किया देश ने एक दशक के नेता देखें और एक शताब्दी के नेता भी देखे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 शताब्दियों यानी 500 साल के सबसे बड़े कद्दावर नेता बने हैं और यह सब मोदी जी की इच्छाशक्ति और श्री राम की कृपा से ही संभव हुआ है! उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के समय देश भर में मंदिर निर्माण के समय तनाव का माहौल उत्पन्न हो जाता था ,पर आज देश एकजुट हुआ है और श्रीराम जन्म भूमि पूजन के बाद एक नए युग का प्रारंभ होने जा रहा है ,वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान में करोना महामारी विकराल रूप धारण करती जा रही है, जिसमें हवन यज्ञ द्वारा इस महामारी पर विजय प्राप्त की जा सकती है !बाबा चंचल सिंह ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और यह हमारी भारतीय संस्कृति की एक अनूठी पहचान है, उन्होंने कहा कि हवन यज्ञ द्वारा इस करोना महामारी से भारत के साथ-साथ पूरे विश्व पर जीत हासिल कर सकते हैं वहीं उन्होंने हवन यज्ञ के माध्यम से अगले चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः भारत का प्रधानमंत्री बनाए जाने की भी प्रार्थना की

---

## डॉ. राजेश पुरोहित की अनूठी पहल ने नवोदित रचनाकारों में भरा उत्साह

**भवानीमंडी(अर्पित गुप्ता)**

देश के सुप्रसिद्ध कवि एवम साहित्यकार डॉ. राजेश कुमार शर्मा÷पुरोहित÷ ने वैश्विक महामारी कोरोना के चलते लोक डाउन में शहर के ही नहीं कई राज्यों के रचनाकारों को साहित्य की विभिन्न विधाओं में पारंगत करने की अनूठी पहल की है। सूरज केसरी समाचार पत्र को जानकारी देते हुए डॉ. पुरोहित ने कहा कि मैं अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान इकाई भवानीमंडी का संयोजक व महामंत्री हूँ। हम नियमित काव्य गोष्ठियाँ अब एकत्रित होकर नहीं कर सकते। इसीलिए मैंने परिषद के व्हाट्सएप्प पटल पर रचनाकारों को साहित्य की विभिन्न विधा दोहा चौपाई,रोला, कुंडलियाँ छन्द सिखाने का कार्य किया जिसमें नवोदित रचनाकारों ने रुचिपूर्ण भाग लिया। आज वे सब छन्द लिखने लगे हैं जिन्हें देखकर खुशी मिलती हैं हर रचनाकार का एक सपना होता है कि मेरी लिखी रचना एक बार अवश्य प्रकाशित हो। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने परिषद की साहित्य दर्शन ई पत्रिका के अंक प्रकाशित करना शुरू किया। अब तक पाँच अंक प्रकाशित किये जा चुके है जिनमें सैकड़ो रचनाएँ प्रकाशित की जा चुकी है। हाल ही में कलाम की यादें विशेष अंक का विमोचन देश की बाल कवयित्री शुभांगी शर्मा के कर कमलों से हुआ। ऑनलाइन कवि सम्मेलन भी छह हो चुके हैं। आगामी 15 अगस्त 2020 को ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रचनाकार वीडियो के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुति देंगे। पुरोहित ने बताया कि मेरी इस पहल में परिषद के सभी पदधिकारी व सदस्यों का खूब सहयोग मिल रहा है।



---

## फरार चल रहा शराब तस्कर को बड़ौनी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**संदीप प्रधान**

दतिया / बडोनी पुलिस द्वारा एक ह्ल1ह्य गाड़ी सहित रामकेश पुत्र महेंद्र रावत निवासी पपरेडू थाना करेरा को 70 लीटर अवैध शराब सहित पकड़ा गया था मोके से आरोपी राहुल पुत्र राजेन्द्र सिंह रावत उम्र 20 साल निवासी पपरेडू थाना करेरा फरार हो गया था । आज फरार आरोपी राहुल रावत को बस स्टैंड बडोनी से बडौनी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया । आरोपी को गिरफ्तार करने में सउनि राजेश पुट्टा, आर सोवरन जाट,आर सुरेंद्र पचौरी,जसवंत यादव दिलीप प्रधान की मुख्य भूमिका रही ।

---

## नव विवाहित लड़की की हत्या

बिश्नाह मे आज एक नव विवाहित लड़की की हत्या का मामला सामने आया । लड़की का नाम हेमा भगत है।लड़की के घरवालों के मुताबिक ससुराल बाले लड़की को बहुत तंग करते थे।पर आज तो इन्होने सारी हद्दे पर कर दी।और लड़की को ही मार दिया।पुलिस ने शब को कब्जे में ले कर जांच शुरू कर दी । बाद में पोस्टमार्टम के बाद शब अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया अब पुलिस आगे की करबाई कर रही है। घरवालों का कहना है कि बिबाह को अभी 2 ही साल हुए थे। और लड़की का एक बच्चा भी है। इस दुखद घड़ी में परिवार और रिश्तेदार सारे बिलखते रह गए।



---

## नव नियुक्त कांग्रेस के पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

**गोहद /** ग्राम सर्बा बिधान सभा छेत्र गोहद जिला भिण्ड के तत्वाधान में नव नियुक्त कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के सम्मान में बिशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अथिति आदरडिय जय श्री राम बघेल जी बिसिष्ठ अतिथि आर एन हिंडोलिय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा प्रदेस उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस कमेटी मध्यप्रदेश श्री आशीष गुर्जर किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष श्री कृष्ण गोपाल चौरसिया जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी श्री रबिन्द्र भदौरिया बरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री बैजनाथ सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस श्री नरेश तोमर जिला उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस श्री



अमर सिंह डंडोतिया जिला उपाध्यक्ष श्री अभिलाख सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष श्री इंजीनियर संजय कतरोलिया जिला महा सचिब श्री आशीष हंस जिला महा युबा किसान कांग्रेस श्री अच्छय भदौरिया जिला उपाध्यक्ष युबा कांग्रेस श्री राहुल तोमर जिला महा सचिब युबा कांग्रेस श्री ब्रजमोहन तोमर श्री भूरे तोमर श्री राघबीन्दर तोमर श्री सतेन्द्र तोमर तुकेन्डा श्री केशब देसाई श्री मति रेखा बसेडिया जिला पंचायत सदस्य भिण्ड श्री देबेन्द्र सिंह तोमर श्री सीमित भदौरिया जिला महा सचिब किसान कांग्रेस कार्यकर्ता सेकड़ो कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहड़ की एवंम सभी का कांग्रेस पार्टी ने सम्मान किया गया।

---

## हिंदू सेना के स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान, 200 से ज्यादा लोगो ने किया रक्तदान।




**ग्वालियर।** हिंदू सेना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एव राष्टीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के जन्मदिन पे राष्टीय महासचिव संजय अग्रवाल एव सम्भागीय अध्यक्ष विनय शर्मा जी के नेतृत्व में रक्त दान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी के भवन में लगाया गया जिसमें 200 से अधिक हिन्दू सैनिको ने रक्त दान किया। एस शिविर आयोजन करने का उदेश्य था था लोग जागरूक बने और कम से कम 6 महीने में एक बार रक्तदान जरूर करे। इस अवसर हिन्दू सेना कई पदाधिकारी उपस्थित हुए।

---

## कर्तव्य जन सामाजिक संस्था की ओर से कर्मठ कोरोना योद्धा सम्मान 'समारोह का आयोजन

**ग्वालियर।** हजीरा थाना में कार्यरत पधादिकारीयो को सम्मानित करके किया गया यह सम्मान संस्था की ओर से कोविद-19 कोरोना महामारी में कार्य करने एवं ग्वालियर बसियो की मदद करने के लिए किया गया जिससे लोग अपने आप को सुरछित समझे इसमें संस्था की ओर से थाना प्रभारी आलोक परिहार,नरेंद्र छिकारा, गौरव नगावत, शिव सिंह गुर्जर, लेखराज, शैलेन्द्र चौहान, जनक सिंह, जय सिंह निगम, सुरेंद्र पाल कुशवाह, अशोक सिंह सिकरबार, लवकुश यादव,वदन सिंह,एवं समस्त स्टाप को सम्मानित किया गया जिसमें संस्था की ओर से संस्था अध्यक्ष शैलजा शर्मा,संस्था संरक्षक भारती राजौरिया,कंचन शर्मा,पवन शर्मा, दिनेश शुक्ला उपास्थित रहे



# नई शिक्षा नीति का मध्यप्रदेश में होगा आदर्श क्रियान्वयन- मुख्यमंत्री चौहान

## स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यवस्थाएं की जाएंगी और अधिक मजबूत, मुख्यमंत्री श्री चौहान और केन्द्रीय मंत्री निशंक ने की वेबिनार में भागीदारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जिस तरह मध्यप्रदेश ने बीते वर्षों में बिजली, पानी और कृषि के क्षेत्र में विकास के नए रिकार्ड बनाए हैं, उसी तरह अब स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ उपलब्धियाँ प्राप्त करने के प्रयास होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप निर्माण के लिए वेबिनार श्रृंखला के माध्यम से किए जा रहे मंथन के तीसरे दिन स्वास्थ्य और शिक्षा वेबिनार का शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देशन में भारत की नई शिक्षा नीति के तीन प्रमुख उद्देश्यों ज्ञान-कौशल और संस्कार को प्राप्त करने के सोच से तैयार की गई है। मध्यप्रदेश इसका आदर्श तरीके से क्रियान्वयन करेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी आयुष्मान भारत योजना में नया सहारा दिया है। यह योजना मार्गदर्शक सिद्ध हो रही है। मध्यप्रदेश में दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि तकनीकि शिक्षा के क्षेत्र




में प्रदेश में 600 करोड़ की लागत से सिंगापुर के सहयोग से ग्लोबल स्किल पार्क के विकास की योजना है। इसके क्रियान्वयन की गति बढ़ायी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की प्राप्ति के लिए नीति आयोग के निर्देशन में इस वेबिनार श्रृंखला के माध्यम से रोडमैप तैयार करने का महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। तीन वर्ष में विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जाएगा। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल %निशंक% ने कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए वेबिनार का आयोजन प्रशंसनीय है। विचार-विमर्श से महत्वपूर्ण सुझाव मिलते हैं। भारत की नई शिक्षा नीति के लिए करीब सवा दो लाख सुझाव प्राप्त हुए। नई शिक्षा नीति में 10+2 के फार्मेट स्थान पर 5+3+3+4 फार्मेट लागू होगा। स्वतंत्र भारत के बाद हुए सबसे बड़े नवाचार में अनेक शिक्षाविद् और कुलपति आदि ने परामर्श देने का कार्य किया। श्री निशंक ने भारत की नई शिक्षा नीति की विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख किया। श्री निशंक ने बताया कि कक्षा छठवीं से विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई बच्चा शिक्षा से नहीं छूटेगा। करीब ढाई करोड़ विद्यार्थी के ड्राप आउट को समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब पहली से पांचवी कक्षा तक मातृभाषा का उपयोग किया जाएगा। विश्व के अनेक देशों में मातृभाषा को इस तरह का महत्व दिया गया है। भारत में पहली बार आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं को शिक्षा से जोड़ा गया है। विद्यार्थी स्वयं का मूल्यांकन करेगा। उसे रिपोर्ट कार्ड नहीं प्रोग्रेस कार्ड प्राप्त होगा। वोकेशनल विषयों को सुनने का विकल्प दिया गया है। विज्ञान के विद्यार्थी भी संगीत और मनोविज्ञान पढ़े सकेंगे। पाठ्यक्रम पूरा न हो पाने पर भी प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और डिग्री शिक्षा प्राप्त करने की अवधि के अनुसार प्रदान की जाएगी। स्टडी इन इंडिया, स्टे इन इंडिया के तहत भारत के विद्यार्थियों को प्राप्त शिक्षा भारत के काम आए, यह प्रयास होंगे। अब पाठ्यक्रम नवाचार के साथ लागू होंगे। शोध की संभावनाओं को प्रोत्साहित करने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक व्यवस्थाएं की हैं। केन्द्र सरकार ने मिड-डे मील पर 580 करोड़, केंद्रीय विद्यालयों को सक्षम बनाने पर 6495 करोड़, नवोदय विद्यालय की व्यवस्था करने के लिए 803 करोड़ रुपए की राशि दी है। केंद्रीय मंत्री श्री निशंक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान को आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश स्थित केंद्रीय संस्थानों को सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के टारगेट को पूरा करने में सहयोग दिया जाएगा।

### अब होम आइसोलेशन पर है सरकार का जोर

# मुख्यमंत्री ने निर्देश कम लक्षण वाले मरीजों का घर पर ही करें इलाज

**भोपाल।** प्रदेश में कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है, लेकिन ज्यादातर मरीजों में कोरोना के कोई लक्षण सामने नहीं आ रहे हैं। ऐसे में सरकार अब ऐसे मरीजों को घर में ही होम आइसोलेट करके इलाज करना चाहती है। इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेशन करें। स्वास्थ्य टीम निगरानी करे। उन्होंने कहा कि कोरोना पर जीत से कम कुछ नहीं चाहिए। प्रदेश में कोरोना की मृत्यु दर को न्यूनतम करने के लिए शासन, प्रशासन, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ और जनसामान्य को साथ मिलकर काम करना होगा। कोरोना संभावित व्यक्तियों की जल्द पहचान तथा उन्हें तत्काल मेडिकल केयर उपलब्ध कराना ही बचाव एवं उपचार ही सर्वश्रेष्ठ उपाय है। इसके लिए प्रदेश में परीक्षण क्षमता बढ़ाना होगी। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में प्रतिदिन 20 हजार टेस्ट की क्षमता विकसित करने के निर्देश दिए। चौहान ने कहा कि कोरोना अब शहरों से कस्बों और कस्बों से गाँवों की ओर फैल रहा है। अत- इससे बचाव के लिए आवश्यक सावधानियों पर जागरूकता अभियान चलाना होगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज से लेकर जिला चिकित्सालयों तक की क्षमता में सुधार करना भी आवश्यक है। एम्बुलेंस सुविधा तथा गंभीर बीमारी से ग्रस्त व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सालय तक पहुंचाने में विलंब न हो, इस तथ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। कोरोना मरीजों के उपचार संबंधी प्रोटोकॉल तथा गाइडलाइन पर जिला अस्पतालों का प्रशिक्षण आवश्यक है, जिसमें मेडिकल कॉलेज तथा एम्स जैसी संस्थाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। चौहान ने कहा कि अस्पतालों में गंभीर मरीजों का उपचार ठीक से हो, इसके लिए सामान्य लक्षण वाले मरीजों के होम आइसोलेशन को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसमें रियल टाइम मॉनीटरिंग सुनिश्चित करने के लिए एप तथा अन्य आवश्यक साधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। चौहान ने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग बढ़ाने और मास्क का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ हमारे कोरोना वारियर हैं उनका मनोबल तथा उत्साह बनाए रखना आवश्यक हैं। शीघ्र ही कोरोना वारियर्स के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कोरोना की स्थिति पर वास्तविक जानकारी जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से संभाग स्तर पर मीडिया ब्रीफिंग आयोजित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमणकाल में जनसामान्य को नकारात्मकता से बचाने की भी आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोग और विशेषकर संक्रमण से प्रभावित व्यक्ति अवसाद में न जाए। इसके लिए अस्पतालों में मनोरंजन, इनडोर गेम्स, संगीत, टेलीविजन, ध्यान व योग और प्रेरणादायी उद्बोधन आदि की व्यवस्था की जाए। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने होम आइसोलेशन के संबंध में स्पष्ट गाइडलाइन जारी करने की आवश्यकता बतायी। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि जहाँ-जहाँ मनोवैज्ञानिक उपलब्ध हैं, वहां उनकी सेवाएं कोरोना मरीजों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाएं। मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने बताया कि आज की चर्चा के निष्कर्षों के आधार पर कोरोना के मरीजों के बचाव एवं उपचार संबंधी बनाई गई विस्तृत एडवाइजरी एवं गाइड लाइन सभी जिलों को जारी की जाएगी।



# हनीट्रेपः आधा सैंकड़ा अफसर और रसूखदारों की बढ़ी धड़कन

## जांच रिपोर्ट उजागर होने के बाद हो सकता है नामों का खुलासा

**भोपाल ।** प्रदेश में एक बार फिर हनीट्रैप का मामला सुर्खियों में आ गया है। हाल ही में मामले की जांच कर रही एसआईटी ने जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में सौंप दी है। जिसमें हनीट्रैप की आरोपी महिलाओं के जुड़े लोगों के नाम शामिल हैं। बताया गया कि इनमें आधा सैकड़ा करीब नौकरशाह एवं अन्य रसूखदार हैं। यदि जांच रिपोर्ट उजागर हुई तो सभी के नाम सामने आ सकते हैं। हनीट्रैप में फंसे लोगों के नाम स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआइटी) की जांच में सामने आए हैं। हाइकोर्ट से अगले दिशा निर्देश मिलने के बाद एसआइटी मामले में आगे कार्रवाई करेगी। हनीट्रैप मामले में मप्र पुलिस पर रसूखदारों को बचाने का आरोप लगाते हुए मप्र हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में इस मामले की जांच सीबीआई से कराने को लेकर याचिका दायर की गई थी। इस पर इंदौर हाई कोर्ट ने मामले की जांच कर रही एसआइटी से स्टेटस रिपोर्ट के साथ ही अब तक कि जांच में सामने आए नामों की सूची मांगी थी। एसआइटी ने गुरुवार को तीन बंद लिफाफे में नामों की सूची समेत स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी है। सुनवाई के दौरान एसआइटी चीफ राजेन्द्र कुमार भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित हुए थे। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी हनीट्रैप मामले की जांच से जुड़े सूत्रों के अनुसार रिपोर्ट में कई नौकरशाह समेत अन्य रसूखदारों के नाम हैं। उनमें प्रदेश के एक पूर्व शीर्ष अफसर, दो रिटायर्ड अतिरिक्त मुख्य सचिव, एक प्रमुख सचिव, एक मौजूदा अतिरिक्त प्रमुख सचिव एवं एक सचिव स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। अब तक कि जांच में किसी भी आइपीएस अधिकारी का नाम सामने नहीं आया है, जबकि एक पूर्व मंत्री के आरोपितों से करीबी रिश्ते सामने आए हैं।



# गांव के दो बुजुर्गों के कहने पर आदिवासियों को मिलेगा पट्टा

## वनाधिकार अधिनियम की समीक्षा की समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा



**भोपाल।** प्रदेश की आदिम जाति कल्याण मंत्री मीना सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वन भूमि पर काबिज परिवारों को वनाधिकार हक प्रमाण-पत्र प्रदान कर सभी को चिंतामुक्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दावा प्रकरण के निराकरण में गाँव के दो बुजुर्गों के कथन दर्ज कर साक्ष्य के रूप में लेने का प्रावधान है। उन्होंने वनाधिकार अधिनियम की समीक्षा करते हुए यह बात कही। मंत्री ने कहा है कि प्राचीन-काल से आदिवासियों का जंगल एवं वन्य-प्राणियों से गहरा लगाव रहा है। आदिवासियों ने प्राचीन-काल से वन क्षेत्रों में निवास करते हुए जल, जंगल, जमीन और वन्य-प्राणियों की रक्षा की है। इस वजह से ही आदिवासी क्षेत्रों में वन एवं वन्य-प्राणियों की भरमार है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में राज्य सरकार ने आदिवासियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। आहार अनुदान योजना में कोई नहीं छूटे मंत्री ने विभागीय योजनाओं की गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आहार अनुदान योजना में कोई भी बैगा परिवार की मुखिया महिला वंचित नहीं होना चाहिये। आदिम-जाति कल्याण मंत्री ने कक्षा-10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के परिणाम की भी समीक्षा की। उन्होंने कोदो-कुटकी की बेहतर मार्केटिंग तैयार करने के निर्देश भी दिये।

### निवाड़ी विधायक अनिल जैन की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर की रुपए की मांग, थाने में कराया मामला दर्ज

**भोपाल ।** निवाड़ी विधायक अनिल जैन की फेसबुक की फर्जी आईडी बना कर संदेश भेज कर लोगों से पैसों की मांग की जा रही है। आईडी में पेटीएम एकाउंट का नम्बर भी दिया गया है। इसकी जानकारी लगते ही विधायक अनिल जैन ने निवाड़ी थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। दरअसल बदमाश लोगों को गुमराह करके उन्हें ठगी का शिकार बना रहे है। इसी प्रकार एक अज्ञात व्यक्ति ने निवाड़ी विधायक अनिल जैन के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से रुपए की मांग की। जिस पर तरह-तरह के संदेश लोगों को भेजे। थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि जैन की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर मामला साइबर सेल को दे दिया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। रीवा जिले के देवतालाब विधानसभा सीट से विधायक गिरीश गौतम साइबर क्राइम का शिकार हो चुके हैं। उनकी फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर शातिर दिमाग ठग ने लोगों से रुपए की मांग की है। पूरा मामला सामने आने पर विधायक ने 20 जुलाई को पुलिस शिकायत की थी। विधायक गिरीश गौतम के नाम पर फर्जी फेसबुक आईडी तैयार की गई थी जिसमें लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई थी। विधायक की आईडी से लोगों से रुपए की डिमांड की गई। फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से चैट के जरिए रुपए मांगे गए। लोगों ने जब रुपए मांगने का कारण पूछा तो बदमाश ने पुत्र की तबियत खराब होने की जानकारी दी और अस्पताल में होने की वजह से बात करने में असमर्थता जाहिर की।

### कोरोना : पुलिस थानों में फरियादियों के घुसने पर रोक, खिड़की पर दर्ज हो रही हैं शिकायतें

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण से खुद को बचाने के लिए पुलिस ने विंडो सिस्टम शुरू कर दिया है। शिकायत लेकर आने वाले फरियादी कहीं कोरोना का संक्रमण न दे जाएं इसलिए उन्हें बाहर ही रोकने के इंतज़ाम पुलिस ने कर दिए हैं। पुलिस इनकी शिकायत तो सुन रही है लेकिन थाने के बाहर से। उसने विंडो सिस्टम शुरू कर दिया है। थाने के बाहर लगे टॉक बैक के जरिए फरियादी की शिकायत सुनी जा रही है। 1000 थानों को इससे जोड़ा जा सकता है। एमपी के पुलिस थानों में अब शिकायत लेकर आने वाले फरियादी को सीधे थाने में एंट्री नहीं दी जा रही है। इसके लिए पुलिस ने थानों में एक विंडो सिस्टम शुरू किया है। इसी विंडो के जरिए लोगों की शिकायतें सुनी जा रही हैं। उनकी एफआईआर दर्ज कर तमाम कागज़ी कार्रवाई की जाती है। फरियादी के थाने के अंदर जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध है। थाने में बैरिकेड लगाकर बंद किया गया है। सिर्फ पुलिसकर्मी ही थाने के अंदर जाते हैं। अब आपको यदि किसी मामले की शिकायत दर्ज कराना है तो थाने के अंदर जाने की जरूरत नहीं है। थाने के बाहर एक विंडो सिस्टम लगाया गया है। इस विंडो सिस्टम मैं टॉक बैक पर अपनी बात कह सकते हैं। आपकी शिकायत थाने के अंदर बैठे स्टाफ तक पहुंच जाएगी। स्टाफ वो शिकायत सुनेगा और मामला गंभीर होने पर एफआईआर भी दर्ज करेगा। अगर आपको किसी खास पुलिसकर्मी या थाना प्रभारी से मिलना है तो वह सभी उसी विंडो पर आपसे बातचीत करेंगे।

# भोपाल स्टेशन पर भी मिलेंगे डिस्पोजेबल चादर, कंबल, तौलिया और तकिया कवर

## डेढ-दो महीने का लग सकता है और समय

**भोपाल ।** अगले डेढ़ से दो महीने के अंदर भोपाल रेलवे स्टेशन पर भी डिस्पोजेबल लिनेन किट मिलने लगेंगे। एक किट की कीमत 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक होगी। रेलवे यात्रियों को कोरोना से बचाने के लिए डिस्पोजेबल लिनेन किट (चादर कंबल तौलिया का सेट) देने की तैयारी कर रहा है। हाल ही में यह व्यवस्था जबलपुर रेलवे स्टेशन पर चालू कर दी है। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर डिस्पोजेबल चादर, कंबल और तकिया कवर मिलने लगे हैं।सबसे पहले दानापुर रेल मंडल ने यह सुविधा दी है। दरअसल, कोरोना संक्रमण के बाद से रेलवे ने ट्रेन के अंदर पुनः धुलकर उपयोग की जाने वाली चादर, कंबल, तौलिया कवर देना बंद कर दिया है। इनसे संक्रमण का खतरा था। रेलवे ने इसी खतरे को देखते हुए एसी कोचों से परदे भी हटा दिए थे। रेलवे चार तरह के डिस्पोजेबल लिनेन किट (चादर, कंबल, तौलिया का सेट) देगा, जो 50 रुपये से लेकर 250 रुपये तक में मिलेंगे। रेलवे ये किट भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर बने स्टॉलों में उपलब्ध कराएगा। आने वाले समय में ट्रेन के अंदर भी ये किट मिलेंगे। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया कि यह व्यवस्था सभी रेल मंडलों में की जानी है। ऐसा करने से इच्छुक यात्री सफर के दौरान किट खरीद सकेंगे। यात्रा पूरी होने पर चादर, कंबल, तौलिया को प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध डस्टबिन में डालना होगा।जानकारी के अनुसार लिनेन किट चार प्रकार के होते है और इनकी कीमत भी अलग-अगल होती है। इस बारे में भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता आईए सिद्दीकी का कहना है कि कोशिश कर रहे हैं कि डिस्पोजेबल चादर, कंबल व तौलिया कवर वाले किट भोपाल स्टेशन पर भी जल्दी उपलब्ध हो जाएं। इसके लिए व्यवस्थाएं की जा रही है। डस्टबिन आदि का भी इंतजाम करना पड़ेगा। क्योंकि उपयोग किए गए चादर, कंबल व तौलिया कवर का निपटान भी जरूरी है।



संपादकीए

# अब घरेलू रक्षा उद्योग बढ़ेगा आगे

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने %आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत अहम घोषणा की है। रक्षा वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाने के लिए 101 उपकरणों के आयात पर रोक लगाई जाएगी। रक्षा मंत्री ने ट्वीट किया कि जो 101 वस्तुएं चिन्हित की गई हैं, उनमें बड़ी बंदूकों से लेकर मिसाइल तक शामिल हैं। सिंह का कहना है कि इस फैसले से भारतीय रक्षा उद्योग को बड़े अवसर मिलेंगे। रक्षा मंत्री के मुताबिक, आयात पर रोक लगाने की यह कवायद 2020 से 2024 के बीच पूरी की जाएगी। आने वाले वक्त में और वस्तुओं को इस लिस्ट में जोड़ा जा सकता है। घरेलू स्तर पर इन वस्तुओं के उत्पादन की समय सीमा सुनिश्चित हो, इसके लिए भी कदम उठाए जाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस घोषणा का के गंभीर मायने हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस आत्मनिर्भर भारत की बात कर चुके हैं, यह उस दिशा में एक बड़ा कदम है। भारत उन देशों में शामिल हैं जो दुनिया में सबसे ज्यादा हथियारों का आयात करते हैं।2015-2019 के बीच विदेशों से हथियार आयात करने के मामले में भारत का नंबर सऊदी अरब के बाद दूसरा था। दुनियाभर के कुल हथियार आयात में भारत का हिस्सा 9.2 फीसदी है। इससे अंदाजा लगाइए कि भारत अपनी रक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे देशों पर कितना निर्भर है। इसी निर्भरता को कम करने के लिए यह फैसला किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने जिन 101 उत्पादों की लिस्ट जारी की है, उनमें सामान्य उपकरणों से लेकर हाई-एंड इक्विपमेंट्स तक शामिल हैं। इस लिस्ट का मकसद भारतीय डिफेंस इंडस्ट्री को यह जताना है कि सेनाओं को किन-किन चीजों की जरूरत है ताकि वह खुद को इसके लिए तैयार कर सकें। रक्षा मंत्रालय ने अगले 6-7 साल में घरेलू इंडस्ट्री को करीब 4 लाख करोड़ रुपए के ठेके देने की योजना बनाई है। यह लिस्ट अचानक ही तैयार नहीं हुई, इसके पीछे कई दौर की बातचीत है। सेना, नौसेना, वायुसेना के अलावा डीआरडीओ, डिफेंस पीएसयू, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड और प्राइवेट इंडस्ट्री से भी कंसल्ट किया गया है। यानी पूरी तैयारी के बाद ही यह कदम उठाया गया है। देश में किन आर्म्स, इक्विपमेंट्स और प्लेटफॉर्म्स का प्रोडक्शन तेजी से हो सकता है, इसकी जानकारी करने के बाद ही लिस्ट बनाई गई है ताकि फैसले से भारत की रक्षा क्षमता प्रभावित न हो। डिफेंस सेक्टर को लेकर दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता तो कम होगी ही, इस फैसले से डिफेंस इंडस्ट्री में नई जान फूंकी जा सकती है। सेना की जरूरतें पूरी करने के लिए दूसरे देशों से महंगे दाम पर सामान नहीं मंगाना पड़ेगा, साथ ही तकनीकी सुरक्षा की चिंता भी कम होगी। भारत की तकनीकी दक्षता में इजाफे के साथ-साथ अगर हमारी जरूरतें पूरी होती हैं तो हम एक्सपोर्ट की ओर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। इसी साल फरवरी में, केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया था कि पिछले दो साल में हमारा डिफेंस एक्सपोर्ट 700 प्रतिशत बढ़ा है। हस्त्रक्क की तरफ से अमेरिका, जर्मनी, बांग्लादेश, जर्मनी, इजरायल जैसे देशों को हथियार और गोला-बारूद के अलावा वेपन स्पेयर्स, पैराशूट्स, लेटर और क्लोदिंग आइटम्स भी सप्लाई किए जाते हैं। ताजा फैसले से प्राइवेट इंडस्ट्री को भी उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी।

जन्माष्टमी पर विशेष

# समग्र क्रांति के अग्रदूत योगेश्वर श्रीकृष्ण

अधर्मियों, आतंकवादियों, समाजघातकों, देशद्रोहियों और भ्रष्टाचारियों को समाप्त करने के उद्देश्य से धराधाम पर अवतरित हुए योगेश्वर श्रीकृष्ण जन्म से लेकर अंत तक अपने निर्धारित उद्देश्य के लिए सक्रिय रहे। वे एक आदर्श क्रांतिकारी थे। कृष्ण के जीवन की समस्त लीलाएं/क्रियाकलाप प्रत्येक मानव के लिए प्रेरणा देने वाले अदभुत प्रसंग हैं। इस संदर्भ में देखें तो श्रीकृष्ण का सारा जीवन ही कर्म क्षेत्र में उतरकर समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का अतुलनीय उदाहरण है। आदर्शों/सिद्धान्तों को व्यवहार में उतारने का दिशा निर्देश है।

योगेश्वर कृष्ण की जीवनयात्रा कंस के कारावास की कठोर कोठरी से प्रारम्भ होती है। जेल में यातनाएं सह रहे वासुदेव और देवकी की कोख से जन्म लेकर और फिर जेल के सीकचों को तोड़कर मुक्त होकर उन्होंने आतंकवाद और अधर्म के साथ युद्ध करने का बिगुल बजा दिया। जेल से मुक्त होकर नंदग्राम में सुरक्षित पहुंच जाने के समाचार से अत्याचारी शासक कंस और उसके मददगार सभी राक्षसी राजा भय से कांप उठे। नंदग्राम में माता यशोदा की गोद में खेल कर और बालसखाओं के साथ कृष्ण ने जो साहसिक लीलाएं कीं उनसे समाज-सेवा, सामाजिक समरसता, धर्म-रक्षण, नारी सशक्तिकरण और संगठन में शक्ति का दर्शन शास्त्र समाया हुआ है। बाल सखाओं का संगठन बनाकर मक्खन की मटकियां फोड़ना, पूंजीवादी तानाशाह के विरुद्ध क्रांति का संकेत है। किसानों, मजदूरों द्वारा परिश्रमपूर्वक कमाया गया धन (मक्खन के मटके) कंस जैसे तानाशाहों




(पूंजीपतियों) के घरों में जाते थे। कृष्ण की बाल सेना ने इस धन को रोक कर ग्रामवासियों में वितरित करने की प्रथा को जन्म दिया। इस लिए तो किसानों की पत्नियों, माताओं-बहनों (गोपियों) ने कृष्ण के इस कार्य को सदैव प्रेमपूर्वक स्वीकृति दी। बाल कृष्ण को ग्रामवासियों ने 'माखनचोर' कहकर अपना स्नेहिल आर्शीवाद भी दिया। जब पूरे क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा होने से घर परिवार पर संकट छाने लगा तो बाल कृष्ण ने अपनी हथेली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सबको इसके नीचे शरण दी। इंद्र देवता के कथित आतंक से समाज को सुरक्षित करके कृष्ण ने यह संदेश दिया कि एक नेता के नेतृत्व में संगठित होकर प्रत्येक संकट से छुटकारा पाया जा सकता है। सामाजिक सुरक्षा का यही सर्वोत्तम मार्ग है। बाल सखाओं के संगठन के माध्यम से अनुशासन के महत्व को समझा दिया गया। बाल कृष्ण ने अपने सखाओं को सैनिक प्रशिक्षण, मलयुद्ध, गोपनीयता और अन्याय के विरुद्ध सशक्त प्रतिकार करना भी सिखाया। परिणाम स्वरूप कृष्ण के नेतृत्व में इन्हीं सैनिकों ने कंस, शिशुपाल, पूतना जैसे राक्षसी तानाशाहों का संहार करने में सफलता प्राप्त की। आम जनता का शोषण करने वाले इन अत्याचारी शासकों/असमाजिक एवं अराजक तत्वों को समाप्त करके कृष्ण ने सामाजिक भेद-भाव को समाप्त करने की आवश्यकता का मार्ग प्रशस्त कर दिया। गोपियों के संग रासलीला करने के प्रसंगों को भी अध्यात्मिक आधार पर नारी सशक्तिकरण और मातृशक्ति के संदर्भ में समझना चाहिए। गोपियों में अगुवा गोपी अर्थात नारी संगठन का नेतृत्व सम्भालने वाली गोपी राधा को शास्त्रों में श्रीकृष्ण की शक्ति कहा गया है। इसका अर्थ बहुत गहरा है। ईश्वरीय शक्ति श्रीकृष्ण को भी मातृशक्ति का सहारा लेना पड़ा। रासलीला तो नारी शक्ति को संगठित करने और दिशा देने का मार्ग मातृ था। इन रास लीलाओं में जाति, मजहब, क्षेत्र के लिए कोई स्थान नहीं था। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का संदेश था गोपियों के संग रासलीला के आध्यात्मिक आयोजनों में। क्रांति का आधार- बांसुरी और सुदर्शन चक्र आज हम देखते हैं कि सेना में सैनिकों के प्रशिक्षण, अनुशासन, संचलन इत्यादि में 'बैंड' का बहुत योगदान होता है। इस बैंड की धुन सुन कर न केवल सैनिकों के ही अपितु साधारण नागरिकों के मन में भी उत्साह, निष्ठा और लगन के भाव जागृत हो जाते हैं। श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन से समाज के सभी वर्ग मंत्रमुग्ध होकर एक सूत्र में बंध जाने की प्रेरणा लेते थे। किसान, मजदूर, बाल, वृद्ध, महिलाएं, शहरवासी और ग्रामवासी इन सबको संगठित करने की शक्ति थी कृष्ण की बांसुरी की धुन में।

समाज और धर्म की रक्षा के लिए समय आने पर श्रीकृष्ण ने बांसुरी छोड़कर सुदर्शन चक्र भी उठा लिया था। महाभारत के युद्ध के पहले श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर दुर्योधन को धर्म शिक्षा देने के लिए सीधे उसके दरबार में जा पहुंचे, किसी प्रकार से युद्ध टल जाए, इसका प्रयास उन्होंनें किया। शांतिवार्ता से ही समस्यायें सुलझनी चाहिएं युद्ध तो अंतिम रास्ता है। योगेश्वर श्रीकृष्ण तो मातृ पांच गांव मिलने पर भी पांडवों को संतुष्ट करने की नीति पर चल रहे थे। परन्तु 'युद्ध के बिना एक इंच भूमि भी नहीं दूंगा' के उत्तर से युद्ध अनिवार्य हो गया। श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह और विदुर जैसे विद्वानों के माध्यमों से भी दुराचारी दुर्योधन को समझाने की कोशिश की थी। परन्तु उसके ऊपर तो युद्ध का भूत सवार था। इस भूत को उतारने का एक हीरास्ता बचा था - कुरुक्षेत्र का मैदान। युद्ध के मैदान में कर्मयोग का उपदेश

युद्ध के मैदान में भी श्रीकृष्ण ने आदर्श राजनीति/कूटनीति का परिचय दिया। धर्म और अधर्म के मध्य होने जा रहे युद्ध से पहले अर्जुन को गीता के उपदेश के माध्यम से सारे संसार को कर्मयोग का उपदेश देना उनके ईश्वरी अवतार का सबसे महत्वपूर्ण कार्य था।




लघु कथा

## शुद्धिकरण

माया देवी एक धनाढ्य परिवार की उच्च जाति की महिला थी । पति की असमय मृत्यु के बाद उन्होने ही अपने दोनों बेटों ,मनुज और अनुज को अकेले पाला था । किन्तु उच्च जति का गर्व उनकी हर बात में झलकता था... मनुज का विवाह अपनी जाति और बराबर के खानदान में करके फूली नही समायी थी वे ।। लेकिन अनुज को उसके साथ काम करने वाली दलित सुधा से प्रेम हो गया था । माँ के बहुत विरोध करने पर भी अनुज ने सुधा से विवाह कर अलग रहना शुरू कर दिया ।माया देवी ने स्वीकार जो नही किया सुधा को ... समय बीतता रहा दो वर्ष बाद जाने कैसे माया देवी के पूरे बदन में कोढ़ निकल आया कोई पास लगने को तैयार नही मनुज की पत्नी तो देखती भी नही थी । बहुत बुरी हालत हो चली थी माया देवी की



लेकिन ऐसी स्थिति में सुधा ने दलित होते हुए भी माया देवी की जी जान से सेवा की ओर रोग मुक्त करके ही चैन लिया सुधा के अथक प्रयास से वह बिल्कुल स्वस्थ हो गयी अब माया देवी सुधा से किये अपने व्यवहार पर बहुत शर्मिंदा थी ।।

सोच रही थी शुद्धि कर्ण किसका हुआ था

रीना गोयल ( हरियाणा)

## आप और मैं ?

कैसे
तुम बदलो
तुम्हारी जिंदगी में?



तुम बदलो
तुम्हारी जीवनशैली
शरीर और मन
फिट के साथ ...

तुम बदलो
आपके दिमाग मे
विचारों वाले शब्द
जीवन को सकारात्मक बनाना

व्हाट अबाउट
अगर आप बदलाव चाहते हैं?
अपने आप को विभाजित करें
दूसरों के साथ नकल मत करो

हाँ...
पहले तुम बदलो
मुस्कुराहट के बारे में
सबके साथ...

जीवन तो और है
प्रतीक्षा के साथ मज़ेदार सामान
आप और मैं....

+ ओट्टेरी सेल्वा कुमार

## श्री कृष्ण कन्हैया आपका सहारा

शुभ हो श्री कृष्ण जन्माष्टमी सबके हियें हर्ष अपार ।
आज मना रहे श्री कृष्ण जन्मोत्सव सकल संसार ।।

जन्मे है श्री कृष्णा प्यारे हमारे जीवन के सहारे ।
जन्मे है कृष्ण कन्हैया प्यारे हमारे नैनन के तारे ।।



गोकुल में बंटे बधाईयां यशोदा मैया खुशी मनावें ।
कोई कहे लल्ला कोऊ कहे कान्हा ले थाल बधावें ।।

हमारे जीवन के सहारे प्रभु श्रीकृष्ण लाज रखना मेरी ।
मारे अधर्मी तुमने प्रभु जी भक्तो क नैया को उबारी ।।

हमारे जीवन के सहारे दर्शन दे दो कृष्ण कन्हाई ।
गोपीजन सब आई द्वारे करे आपसे प्रभु जी दुहाई ।।

आओ सखी सब गावो बजावो मंगल गीत सोहारे ।
आज दिन हर्ष का श्री कृष्ण हमारे जीवन के सहारे ।।

जय श्री कृष्णा - जय श्री कृष्णा रटते नाम पुकारे ।
गोकुल के गवाले श्री कृष्ण हमारे जीवन के सहारे।।

अरुणा तुम्हे प्रभु याद करत है श्री कृष्ण भगवान ।
इस संसार में रह हर्ष प्रभु करूं तुम्हारा गुणगान ।।

दिव्या रावत! श्री कृष्ण आओ सब छोड़ जहाँ रे
%गर्ग% है आपकी कृपा श्री कृष्ण आप मेरे सहारे ।।

आज जन्मे है कृष्णा प्यारे हमारे जीवन के सहारे ।
अरूणा! जन्मे है कृष्ण प्यारे हमारे नैनन के तारे ।।

बहन अरूणा यादव
ग्राम - मिंयापुर, झांसी, उत्तरप्रदेश

## कैसे किसकी हो पहचान

सरसी छंद गीत

विविध भाँति के सजा मुखौटे,जग में खुली दुकान ।
भीतर कौन छुपा है कैसे, हो किसकी पहचान ।

हर कोई है लेने वाला ,भारी लगती भीड़ ।
मुख पर ओढ़ मुखौटा चलते ,नहीं समझते पीड़ ।



अहसासों का विक्रय करके ,बनते हैं धनवान ।
भीतर कौन छुपा है कैसे, हो किसकी पहचान ।

इन्ही मुखौटों बीच छुपे कुछ ,कुटिल हृदय के लोग ।
विवश हृद की विवशताओं का ,करते हैं उपभोग ।

छल ,बल का व्यवसाय चलाते ,नकली धर मुस्कान ।
भीतर कौन छुपा है कैसे, हो किसकी पहचान ।

प्रतिघातों से और घात से ,खेलें निशिदिन खेल ।
स्वप्न नैन से छीन किया है ,प्रथक दिए से तेल ।

क्या बिसात है शर्म लाज की , बेच दिया ईमान ।
भीतर कौन छुपा है कैसे, हो किसकी पहचान ।

हां..हम भी क्या रहे अछूते ,उलझ मुखौटों बीच ।
दाग लगा अपने तन भी जब ,डाला कंकड़ कीच ।

हाथ किये कालिख में काले ,मिटा मान सम्मान ।
भीतर कौन छुपा है कैसे, हो किसकी पहचान ।

रीना गोयल
( हरियाणा)

# युवी पीढ़ी पर नशीले पदार्थ की पकड़ मजबूत

किसी भी देश का युवा उसके विकास का सशक?त आधार होता है। युवाओं का देश के विकास में अहम् रोल होता है और वे देश की अर्थव्यवस्था को संभालकर रखते है। हमारे भारत को भी युवाओं का देश कहा जाता है, ये देश और समाज को नए शिखर पर ले जाते हैं। आज के समय में हर क्षेत्रा राजनीति, सिनेमा, इंजीनियर, डॉक?टर, और डिफेंस आदि में ज्यादातर युवाओ का समर्पण है। वह गहन ऊर्जा और उच्च महत्वाकांक्षाओं से भरे हुए होते हैं। उनके आंखों में हमेशा भविष्य के बड़े-बड़े सपने होते हैं। वह समाज को बेहतर बनाने और राष्ट्र के निर्माण में सर्वाधिक योगदान देने का प्रयास करते है, लेकिन जब यही युवा अपनी सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों को भूलकर विलासिता के कार्यों में लिप्त हो जाता है तो देश बर्बादी की ओर बढ़ जाता है। जिस युवा पीढ़ी के बल पर भारत विकास के पथ पर प्रगतिशील होने का दंभ भर रहा है, उस युवा पीढ़ी में नशे की सेंध लग रही है, जो दिन ब



दिन युवा पीढ़ी में अपने पैर पसार रही है और युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे है,जो अत्यंत ही चिंता का विषय है।हमारे देश में ही नहीं पूरी दुनिया में युवा पीढ़ी पर नशीले पदार्थों की पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। युवतियों में ड्रग्स स्टेटस सिंबल बन जाने से इस बुराई की समाप्ति की मुश्किल बढ़ती जा रही है। स्कूल, कालेज नशे से अछूते नहीं हैं। युवाओं में नशा अब इस कदर हावी हो गया है कि नशा अब मौजमस्ती का नहीं अपितु आज की युवा पीढ़ी के लिए आवश्यकता बन गया है। चाइल्ड लाइन इंडिया फॉउन्डेशन रिपोर्ट के मुताबिक़ देश में 65 प्रतिशत नशाखोरी से वे युवा ग्रस्त है,जिनकी उम्र 18 वर्ष से भी कम है। सरकारी आकड़ों के हिसाब से देश की 70 से 75 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार का नशा करती है। जिसमे सिगरेट,शराब व गुटखा की ओर युवा सबसे ज्यादा आकर्षित हो रहे है और तीन में से एक युवा किसी न किसी प्रकार के नशे का आदी है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक देश में हर रोज लगभग 5500 युवा तम्बाकू उत्पादों के सेवन करने वालों की श्रेणी में जुड़ रहे हैं। तंबाकू का उपयोग 48 प्रतिशत चबाने, 38 प्रतिशत बीड़ी एवं 14 प्रतिशत सिगरेट के रूप में होता है। उसमें सबसे ज्यादा 86 प्रतिशत तंबाकू सूखी, खैनी, जर्दा के रूप में इस्तेमाल होती है। नशे के सेवन में महिलायें भी पीछे नहीं रह रही है,भारत में 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते है,जिसमे 20 प्रतिशत महिलाएं धूम्रपान करती है। सिगरेट पीने के मामले में भारत की लड़कियां और औरतें अमेरिका के बाद पूरी दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। वाशिंगटन यूनिवर्सिटी ने 1980 से 2012 तक 185 देशों में सिगरेट पीने वालों पर एक लंबा-चौड़ा रिसर्च करने के बाद बताया है कि महिला स्मोकर्स के मामले में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है। 1980 में भारत में करीब 53 लाख महिलाएं सिगरेट पी रही थीं जो संख्या 2012 में बढ़कर 1 करोड़ 27 लाख तक पहुंच गई। इसके अलावा शराब का सेवन भी भारतीय युवाओं में तेजी से फैल रहा जिससे महिलाएं भी अछूती नहीं रही है। पैरिस के आर्गेनाइजेशन फार इकोनोमिक कोआप्रेशन एंड डिवैल्पमैंट द्वारा अमेरिका, चीन, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस व जर्मनी सहित 40 देशों में शराबनोशी के हानिकारक प्रभाव संबंधी अध्ययन किया गया, जिसमें सामने आया है कि 1992 से 2012 तक मात्र 20 वर्षों में ही भारत में शराब के उपयोग में 55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 20 साल पहले जहाँ 300 लोगों में से एक व्यक्ति शराब का सेवन करता था, वहीं आज 20 में से एक व्यक्ति शराब सेवन कर रहा है। परंतु महिलाओं में इस प्रवृत्ति का आना समस्या की गंभीरता दर्शाता है। पिछले दो दशकों में मद्यपान करने वाली महिलाओं की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है।




क्रोएशिया में आग बुझाने के काम में लगा एक विमान समुद्र तट के करीब पानी भरते हुए।

# पाकिस्तान में भारी बारिश से 58 लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले तीन दिन से हो रही भारी बारिश के कारण कम से कम 58 लोगों की जान चली गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने कहा कि बारिश के कारण आई बाढ़ से खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। इस इलाके में 19 लोगों की मौत हो गई। सिंध में 12 और लोगों की मौत हो गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, गिलगित बाल्टिस्तान में दस, पंजाब में आठ, बलूचिस्तान में आठ और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। भारी बारिश और बाढ़ की वजह से 15 और लोगों के घायल होने की खबर है। देशभर में बारिश और बाढ़ के कारण 158 घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं। 128 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सेना राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। सेना ने कहा कि दादू जिले में बचाव अभियान चलाया गया जहां 20 गांव जलमग्न हो गए हैं। एनडीएमए ने बलूचिस्तान के कई क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की जानकारी दी है। सेना कई क्षेत्रों में लोगों को बचाने और उन्हें भोजन और चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का काम कर रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले हफ्ते भी भारी बारिश की आशंका है।

# हांगकांग के मीडिया उद्यमी जिम्मी लाय गिरफ्तार

**हांगकांग।** हांगकांग में मीडिया के बेताज बादशाह जिम्मी लाय को विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ के संदेह में सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके सहयोगी ने यह जानकारी दी है। पिछले साल हुए प्रदर्शनों के बाद शहर में बीजिंग की ओर से लागू किए गए नए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत यह सबसे हाई-प्रोफाइल गिरफ्तारी है। मार्क सिमोन ने ट्विटर पर बताया, जिम्मी लाय को इस वक्त विदेशी शक्तियों के साथ मिलीभगत के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। हांगकांग पुलिस ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के संदेह में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, लेकिन बयान में गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम का ब्यौरा नहीं दिया गया है। लोकप्रिय टैब्लायड के मालिक लाय हांगकांग में लोकतंत्र के समर्थन में आवाज उठाने वाली प्रमुख हस्ती हैं और लगातार चीन के निरंकुश शासन की आलोचना करते हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून 30 जून को प्रभावी हुआ था और इसे असहमति को दबाने के तरीके के तौर पर देखा जा रहा है। सिमोन ने कहा कि पुलिस ने लाय और उनके बेटे के घर के साथ-साथ मीडिया समूह 'नेक्स डिजिटल' के अन्य सदस्यों के घरों की भी तलाशी ली। लाय की ही तरह, एप्पल डेली भी लोकतंत्र का पक्षधर रहा है और अक्सर अपने पाठकों से लोकतंत्र के समर्थन वाले प्रदर्शनों में हिस्सा लेने की अपील करता है।

### मलेशिया के पूर्व वित्त मंत्री ने 1.5 अरब डालर रिश्वत के आरोप को फर्जी बताया, कहा मैं पूरी तरह निर्दोष

**पेनांग (मलेशिया)।** मलेशिया के पूर्व वित्त मंत्री ने समुद्र के भीतर सुरंग बनाने के प्रोजेक्ट से जुड़े 1.5 अरब डॉलर की रिश्वत के दूसरे आरोप में सोमवार को खुद को निर्दोष बताया और इसे नई सरकार की ओर से बनाया एक फर्जी मामला करार दिया। लिम ग्वान इंग पर सबसे पहले शुक्रवार को आरोप लगाया गया। आरोप में उन पर 2011 में उत्तरी पेनांग राज्य से जुड़ी परियोजना में संभावित लाभ का 10 फीसदी मांगने का आरोप लगाया गया था। सोमवार को उन पर आरोप लगा है कि उन्होंने पेनांग के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी शक्ति का इस्तेमाल एक स्थानीय कंपनी को ठेका दिलाने में मदद करके 7,86,182 डॉलर हासिल करने में किया। इस परियोजना को लिम के पेनांग के मुख्यमंत्री रहने के दौरान मंजूरी मिली थी।

# गदुनिया में 2 करोड़ के समीप पहुंचा कोरोना मरीजों का आंकड़ा, अमेरिका में बना नया रिकॉर्ड

**जिनेवा।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस का कहर प्रतिदिन लाखों लोगों को अपना शिकार बना रहा है जिससे मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। दुनिया में कोरोना वायरस मरीजों की कुल संख्या दो करोड़ के नजदीक पहुंचने वाली है। आंकड़ों के अनुसार, अभी तक 19,804,408 लोगों को वायरस ने चपेट में ले लिया है। इसमें से 729,586 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, तेजी से मरीज ठीक भी हो रहे हैं। अभी तक 12,721,186 लोग वायरस से रिकवर हो चुके हैं। अमेरिका ने सबसे ज्यादा कोरोना वायरस के मामलों पर नया रिकॉर्ड बनाया है। अमेरिका ने सबसे ज्यादा कोरोना वायरस के मामलों पर नया रिकॉर्ड बनाया है। देश में कुल संक्रमितों




की संख्या 50 लाख के पार पहुंच गई है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में इस समय कोरोना वायरस के 51,49,723 मरीज हैं। 165,070 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2,638,470 ठीक हो चुके हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका में 54,199 मामले सामने आए हैं। अमेरिका में 2,346,183 एक्टिव केस हैं। इसके अलावा, 18,020 लोग गंभीर हैं, जिनका अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दुनिया में सबसे ज्यादा कोरोना जांचें भी अमेरिका में हुई हैं। अभी तक वहां 64,610,547 लोगों की कोरोना जांच हो चुकी है। ब्राजील में कोविड-19 से मरने वाले लोगों की संख्या देश में संक्रमण का पहला मामला सामने आने के पांच महीने बाद शनिवार को 1,00,000 के करीब पहुंच गई। इस वैश्विक महामारी से राहत के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। 21 करोड़ की आबादी वाले देश में मई के बाद से इस महामारी से हर दिन 1,000 से अधिक लोग जान गंवा रहे हैं और शुक्रवार रात तक कुल 99,572 लोगों ने दम तोड़ दिया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस के कुल 2,962,442 मामले आए हैं। संक्रमण और मौत के मामलों में अमेरिका के बाद ब्राजील दूसरे नंबर पर है। विशेषज्ञों का मानना है कि अन्य कई देशों की तरह यहां भी पर्याप्त जांच के अभाव में मामलों की वास्तविक संख्या एवं मौत के सही आंकड़े सामने नहीं आए हैं।

# राम के बाद अब नेपाल दावा, गौतम बुद्ध भी यहीं पैदा हुए थे



**काठमांडू।** भगवान राम की जन्स्थली असली अयोध्या के नेपाल में होने के दावे के बाद अब उसने गौतम बुद्ध को लेकर बड़ा बयान देकर सनसनी फैला दी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार को अपने बयान में कहा कि गौतम बुद्ध नेपाल में पैदा हुए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा ये निर्विवाद तथ्य है जो ऐतिहासिक और पुरातात्विक साक्ष्यों से सिद्ध होता है कि गौतम बुद्ध का जन्म लुंबिनी, नेपाल में हुआ था। गौतम बुद्ध का जन्मस्थान लुंबिनी युनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक है। इसके साथ ही प्रवक्ता ने कहा कि यह सच है कि बौद्ध धर्म नेपाल के बाद दुनिया के दूसरे हिस्सों में फैला। मामला संदेह और विवाद से परे है और इस तरह बहस का विषय नहीं हो सकता। पूरा अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इससे वाकिफ है। इसी के साथ नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने एक बार फिर दावा किया है कि भगवान राम की जन्मस्थली नेपाल का चितवन जिला है। इसी जिले में माडी नगरपालिका क्षेत्र है, जिसका नाम अयोध्यापुरी है। शनिवार को ओली ने इस क्षेत्र के अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। उन्हें राम, लक्ष्मण और मां सीता की प्रतिमाएं लगाने के आदेश दिए। ओली ने अफसरों को आदेश दिया कि अयोध्यापुरी को ही असली अयोध्या के तौर पर प्रोजेक्ट और प्रमोट करें। प्रधानमंत्री ओली ने थोरी और माडी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भव्य मंदिर बनाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं। नेपाल के एक अखबार के मुताबिक ओली ने माडी और चितवन के अधिकारियों और नेताओं से दो घंटे फोन पर बातचीत की। आगे बातचीत के लिए उन्हें काठमांडू भी बुलाया। ओली ने कहा, %मुझे भरोसा है कि भगवान राम का जन्म नेपाल के अयोध्यापुरी में हुआ था। भारत के अयोध्या में नहीं।




अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में हुए हमले के बाद निकलता हुआ एक सेना वाहन।

# अमेरिका के उत्तर कैरोलाइना में 5.1 तीव्रता का भूकंप

**वाशिंगटन।** उत्तर कैरोलाइना में रविवार सुबह आठ बजकर सात मिनट पर 5.1 तीव्रता का भूकंप आया। सौ साल से भी अधिक समय में यह पहली बार है जब यहां भूकंप का इतना तेज झटका आया है। ग्रीनविले में नेशनल वेदर सर्विस ने बताया कि इस झटके के कुछ घंटे पहले एक छोटा झटका आया था। इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है। हालांकि स्पार्टा में कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा, सड़कों में दरारें देखी गईं। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में दुकानों का सामान नीचे गिरा नजर आया। माइकल हल नाम के एक व्यक्ति का कहना है ?कि वह घर के पास ही खड़े थे जब उन्होंने हिरणों के झुंड को भागते देखा। एक मिनट भी नहीं बीता होगा कि धरती हिलने लगी। हालांकि एक ही हफ्ते में तूफान और फिर भूकंप, यह कुछ ज्यादा ही है। हाल में आया भूकंप वर्जीनिया, दक्षिण कैरोलाइना तथा टेनेसी में भी महसूस किया गया। इससे पहले, राज्य में 1916 में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया था।

# कोविड19 को न्यूजीलैंड ने दी मात, 100 दिनों से नहीं आया कोई केस

**वेलिंगटन।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से जूझ रही दुनिया के लिए न्यूजीलैंड एक मिसाल की तरह उभर कर सामने आया है। यहां पिछले 100 दिनों से घरेलू स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आया है। न्यूजीलैंड में मार्च के अंत में सख्ती से लॉकडाउन लागू कर संक्रमण को पूरी तरह काबू कर लिया गया था। उस समय यहां सिर्फ 100 लोग ही वायरस से संक्रमित थे। रविवार को यहां घरेलू स्तर पर संक्रमण का एक भी मामला सामने नहीं आने के 100 दिन पूरे हो गए। न्यूजीलैंड में पिछले तीन महीने से केवल चंद लोग ही संक्रमित पाए गए हैं। इनमें भी ऐसे लोग हैं, जो विदेशों से लौट रहे हैं। उन्हें सीमा पर ही आइसोलेशन में भेज दिया गया है। 'यूनिवर्सिटी ऑफ ओटागो' में महामारी विशेषज्ञ प्रोफेसर माइकल बेकर ने कहा, %यह अच्छे विज्ञान और बेहतरीन राजनीतिक नेतृत्व का कमाल है। यदि




आप दुनियाभर में देखें, तो जिन देशों ने संक्रमण को काबू पाने में सफलता हासिल की है, वहां आमतौर पर इन दोनों चीजों का संगम है। कोरोना पर पूरी तरह काबू पाने के लिए न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न के नेतृत्व की हर तरफ तारीफ हो रही है। उन्होंने लॉकडाउन में लोगों को रोज स्थिति की जानकारी दी और सख्ती से लॉकडाउन का पालन कर संक्रमण से निपटने का भरोसा दिलाया। न्यूजीलैंड में अब तक संक्रमण के करीब 1,500 मामले सामने आए हैं। इनमें से 22 लोगों की मौत हुई है। कोरोना पर काबू पाने के बाद यहां जिंदगी पटरी पर लौट रही है। 50 लाख की आबादी वाले इस देश में खेलों का आयोजन शुरू हो चुका है। वहीं, बार और रेस्तरां में भी जा रहे हैं। प्रोफेसर माइकल बेकर बताते हैं कि न्यूजीलैंड ने शुरू से साहसी और सख्त फैसले लिए। शुरुआत में ही काफी सख्त लॉकडाउन लगाया। अपनी सीमाओं को पूरी तरह सील कर दिया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जोर दिया। इसी का नतीजा है कि कई देशों में अर्थव्यवस्था की स्थिति डगमगा रही है, तो न्यूजीलैंड अपने यहां बेरोजगारी दर को 4 फीसद पर रखने में कामयाब रहा है।

# पेड़ो की जब करोगे रक्षा तभी बनेगा जीवन अच्छा

**केशव पंडित जी अम्बाह**




अम्बाह... आज दिनांक 10-8-2020 को समाज सेबी प्रदीप शुक्ला के जनम दिबस पर एक अच्छी शुरुआत की गई माखनदास बाटिका केम्पस में आम, सफेदा , जामुन ,और पुष्पों के 21 पौधे लगाकर की वृक्षों की देखभाल की जिम्मेदारी नगर के चिकित्सक डॉ. मनोज मण्डल बंगाली को दी गयी की वे रोपे गये 21 पौधो की देखभाल करे इस अवसर पर पत्रकार राधा तोमर जी ने कहा की हमें पर्यावरण बचाने के लिये चम्बल क्षेत्र में लाखो पोधो लगाने होगे तब भूमि कटाव कम होगा बीहड हरे भरे रहेंगे और यह काम अकेले नहीं कर सकते है इसके लिये प्रत्येक ब्यक्ति को यह ठान लेना चाहिये कि घर मे किसी का जनम दिबस हो हम पेड लगाकर ही केक काटेगे स्वप्रेरणा से चम्बल का प्रत्येक व्यक्ति एक पेड लगाये तो जल्दी ही चम्बल क्षेत्र हरा भरा होगा इस अवसर पर चम्बल यशगान यात्रा के संयोजक नीलेश शर्मा ने कहा की ... मां की ममता और पेड़ का दान, दोनों करते हैं जन-जन का कल्याण। स्वच्छ पर्यावरण, पानी और हवा, है जीवन जीने की अनमोल दवा। आओ हम सब मिलकर पेड लगाये हरा भरा चम्बल बनाये कार्यक्रम में प्रदीप शुक्ला ने खुरपी, फावडे और सभी के हाथों को सेनेटाइज किया और सोसल डिस्टेंस का पूर्णतः पालन किया और सभी चम्बल वासियों को अपने जन्मोत्सब पर सभी से आर्शीबाद प्राप्त किया वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्री केशव पंडित जी अंकित मिश्रा नीलेश शर्मा उपस्थित थे उक्त जानकारी चम्बल यशगान यात्रा के संयोजक नीलेश शर्मा के द्वारा दी गयी...

# अब कोविड का बहाना नहीं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में अधिकारी गति लायें - कलेक्टर

**मुरैना।** प्रदेश सरकार की संचालित कल्याणकारी योजनाओं में अधिकारी गति लायें। अब कोरोना का बहाना नहीं चलेगा। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने टीएल बैठक में समस्त विभागों के जिलाधिकारियों को दिये। बैठक में उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अब अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर ध्यान दें। सीएम हेल्पलाइन बढ़ना नहीं चाहिये। एल-1 पर ही शिकायतों का निराकरण करने की कार्रवाही की जावे। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों ने शिकायतें हल कर दी है, वे फाइल तैयार करके भिजवायें। जिससे पोर्टल से शिकायतों को हटाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तरूण भटनागर, अपर कलेक्टर श्री एसके मिश्रा, कमिश्नर नगर निगम श्री अमरसत्य गुप्ता, समस्त एसडीएम, समस्त जिलाधिकारी, समस्त जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने समस्त एसडीएमों को निर्देश दिये है कि अब केवल रविवार के दिन ही लॉकडाउन रहेगा। किंतु बाजारों में चहल पहल या बाजार खुलने की सावधानी बनाये रखें। समस्त एसडीएम अनुविभागीय स्तर पर क्रायसिस मैनेजमेंट की बैठक दो दिवस में करके जानकारी सहित भिजवायें। जिसमें गणेश चतुर्थी, मोहर्रम, जन्माष्टमी सहित इस माह में पड़ने वाले त्यौहारों पर विशेष चर्चा करें। कलेक्टर ने कहा कि कोविड-19 के सैंपल प्रत्येक विकासखंड से प्रतिदिन 70-70 से कम नहीं जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि कार्यालयों



में 30 प्रतिशत नहीं बल्कि शतप्रतिशत कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्य पूर्ण गति के साथ कल्याणकारी योजनाओं में गति लायें। उन्होंने कहा कि किसी विभाग में कोई व्यक्ति कोविड पाया जाता है तो पूरे कार्यालय को नहीं बल्कि उसी सेक्शन को निधारित समय-सीमा तक सील करायें। जो लोग जिन क्षेत्रों में पॉजिटिव पाये जा रहे हैं वो चाहे सब्जी वाला हो या किराना वाला हो उसके संपर्क में आने वाले लोगों के सैम्पल जरूर करायें। कलेक्टर ने कहा कि 15 अगस्त को समस्त कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे करने के उपरांत राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम संपन्न करें। अधिक भीड़ एकत्रित नहीं होने दी जाये। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी एवं पटवारी अपनी मानसिकता बदलें। आदिवासियों को वनभूमि में से ही उपजाऊ भूमि उपलब्ध कराना है। इसके लिये ग्राम पंचायत द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया जाये। इसके पहले अधिवेशन अपने सदस्यों में से कम से कम 10, किंतु 15 से अधिक व्यक्ति वन अधिकार समिति के सदस्यों के रूप में निर्वाचित करेगी, जिसमें कम से कम एक तिहाई सदस्य अनुसूचित जनजाति के होंगे। परंतु ऐसे सदस्यों में से कम से कम एक तिहाई सदस्य महिलायें होंगी। वनाधिकार समिति अध्यक्ष और सचिव को विनिश्चय करेगी और उसकी सूचना उप खण्ड स्तर की समिति को देगी। जब वनाधिकार समिति का कोई सदस्य व्यष्टिक वनाधिकार का दावेदार भी है, तब वह उसकी सूचना समिति को देगा। जब उसके दावे पर विचार किया जायेगा।

### बैठक से अनुपस्थित होने पर तीन सीएमओ को कारण बताओ नोटिस , नवीन कैदी की सैम्पल जांच निगेटिव आने पर ही जेल में अन्दर भेंजे

टीएल बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास ने जौरा, कैलारस और सबलगढ़ के सीएमओ को कारण बताओ नोटिस एवं नो वर्क एवं नो पेय के नियमत के तहत वेतन काटने की कार्रवाही की जाये। इस प्रकार के निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही झुण्डपुरा सीएमओ द्वारा भी सीएम हेल्पलाइन का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर उनका भी वेतन काटने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। कलेक्टर ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बाह, मुरैना, जौरा एवं सबलगढ़ को निर्देश दिये कि रायसेन, सिंगरौली में जेल में कोविड का मरीज मिलने की सूचना है, मुरैना जिले के अन्तर्गत जितनी भी जेलों है, उनमें एसडीएम भ्रमण करें। कोई नया कैदी अगर जेल में पहुंचता है तो उसकी सैम्पल रिपोर्ट निगेटिव नहीं आ जाती तब तक उसे जेल में ही अलग स्थान पर रखा जावे।

## अम्बाह पुलिस को मिली सफलता कुल 09 हजार रुपये के दो फरारी ईनामी आरोपी गिरफ्तार



**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक महोदय अनुराग सुजानिया तथा अति पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के आदेशानुसार अम्बाह एसडओपी अवनीश बंसल के मार्गदर्शन मे चलाये जा रहे इनामी फरारी बदमाशों को पकड़ने चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि खाई के पास ग्राम बरबाई पर थाना अम्बाह के अप.क्र.139/18 धारा 147, 148, 149, 307. 353, 132, 350. यानी लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के कुल 09 हजार रुपये के दो इनामी आरोपी त्रिशून उर्फ प्रसून मरैया पुत्र रामवरन उर्फ रामप्रकाश उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरवाई जिस पर 06 हजार रुपये का इनाम है एवं परुषोत्तम पुत्र देवेन्द्र मरेया उम्र 27 साल निवासी ग्राम बरबाई थाना अम्बाह जिस पर 03 हजार रुपये का इनाम है वह कही जाने के लिये खड़े है तब आज टी आई शैलेन्द्र गोबिल दिनांक 10/08/2020 को मय फोर्स के साथ होकर ग्राम बरवाई मे खाई के पास पहुंचे तथा उक्त आरोपीगण को घेरकर पकड़ लिया उक्त आरोपीगण पुलिस पार्टी पर हमला कर घटना दिनांक से फरार हो गये थे जिस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कुल 09 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। जिन्हे आज दिनांक 10/08/2020 को गिरफ्तार किया गया। उक्त सराहनीय कार्य मे, शैलेन्द्र गोविल थाना प्रभारी अम्बाह, एसआई शिवम सिंह चौहान, एसआई विवेक तोमर, रघुराज सिह , सतेन्द्र, योगेन्द्र , महेश शर्मा, योगेन्द्र राजे की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### आज विद्युत बंद रहेगी

**मुरैना।** विद्युत मंडल के उप महाप्रबंधक ने बताया कि 11 के.व्ही. लाइन एवं ट्रान्सफार्मर नवीन निर्माण कार्य हेतु 11 अगस्त 2020 को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक 11 केव्ही जीवाजीगंज फीडर से संबंधित उपभोक्ताओं की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

### जिला पेंशन फॉर्म की बैठक आज

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास की अध्यक्षता में जिला पेंशन फॉर्म की बैठक 11 अगस्त को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पेंशन अधिकारी ने समस्त जिला पेंशन फॉर्म के पदाधिकारियों से उपस्थित रहने की अपील की है।

### डीएलसीसी की बैठक 14 अगस्त को

**मुरैना।** कलेक्टर श्रीमती प्रियंकादास की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक 14 अगस्त को अपरान्ह 4 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में लीड बैंक प्रबंधक सहित समस्त बैंकों के प्रबंधक एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### जिले में अब तक 334.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**मुरैना।** जिले में 1 जून से अभी तक 334.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 39.3 मिलीमीटर वर्षा कम है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जिले में 373.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। जिले की वार्षिक औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है। जिले में सर्वाधिक 413 मिलीमीटर वर्षा सबलगढ़ में दर्ज की गई है। जबकि मुरैना में 408, जौरा में 350 मिलीमीटर, अम्बाह 303, पोरसा में 305, कैलारस में 227 और मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 10 अगस्त को सुबह 8 बजे तक सर्वाधिक 62 मिलीमीटर वर्षा पोरसा में और 34 मिलीमीटर वर्षा अम्बाह में दर्ज की गई।

### उपजेल अम्बाह में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निरीक्षण/वर्चुअल ई-कैम्प किया गया

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन में अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री व्ही.के. गुप्ता द्वारा सोमवार को उपजेल अम्बाह में वीडियों कॉफेंस के माध्यम से निरीक्षण/वर्चुअल ई-कैम्प किया गया। उपजेल अम्बाह में स्थित बंदियों के बारे में जानकारी ली गई।

#### गृह विभाग ने जारी किये दिशा-निर्देश

## धार्मिक कार्यों तथा त्यौहारों के सार्वजनिक आयोजनों पर रोक रहेगी

**मुरैना।** गृह विभाग द्वारा कोविड-19 से बचाव के लिये विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। जारी निर्देशों के मुताबिक किसी भी धार्मिक कार्य या त्यौहार का सार्वजनिक स्थलों पर आयोजन नहीं किया जायेगा और न ही कोई धार्मिक जुलूस या रैली निकाली जायेगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर मूर्ति, झाँकी या ताजिये आदि स्थापित नहीं किये जा सकेंगे। नागरिक अपने घरों में पूजा-उपासना कर सकेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को जारी निर्देशों में कहा है कि धार्मिक/उपासना स्थलों पर कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के मद्देनजर एक समय में 5 से अधिक व्यक्ति एकत्र न हों। साथ ही उपासना स्थलों पर फेस कवर और सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर राज्य शासन द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुरूप ही कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह सुनिश्चित करना होगा कि निजी तौर पर आयोजित किये जाने वाले समारोहों में 5 से अधिक व्यक्ति एकत्र न हों और फेस कवर एवं सोशल डिस्टेंसिंग के मानकों का कड़ाई से पालन किया जाये। अपर मुख्य सचिव गृह ने आगामी जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी और मोहर्रम के त्यौहारों के मद्देनजर कलेक्टर्स को निर्देशित किया है कि सभी जिलों में आने वाले 3 दिन के अंदर डिस्ट्रिक्ट क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक आयोजित की जाये। उक्त निर्देशों से विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों से जुड़े लोगों एवं सर्व-संबंधितों को अवगत कराया जाये।

# गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश अभियान 16 से 30 अगस्त तक

**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने अभियान में जुट जाने किया**

**मुरैना।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किये गये 'गंदगी भारत छोड़ो' अभियान को मध्यप्रदेश में जन-जन तक पहुँचाया जायेगा। श्री सिंह ने कहा है कि गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश अभियान मध्यप्रदेश में 16 अगस्त से 30 अगस्त तक चलाया जायेगा। अभियान में शहरों में व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन पर नागरिकों को संवेदित और जागरूक किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अपने शहरों को गंदगी मुक्त करने की दिशा में जुट जाएं। अभियान में 16 और 17 अगस्त को स्वच्छता शपथ एवं व्यक्तिगत शौचालयों का रखरखाव और सफाई पर अशासकीय संगठनों के माध्यम से झुग्गीबस्तियों एवं अन्य मौहल्लों में नागरिकों से चर्चा की जायेगी। निकाय में आवासीय परिसरों, प्रमुख स्थानों और कार्यालयों में स्वच्छता की शपथ दिलाई जायेगी। 18 से 20 अगस्त तक नो प्लास्टिक और रिसाइकिल, रियूज, रिड्यूज और रिफ्यूज (चार-आर) के संबंध में निकायों, युवाओं और विद्यार्थियों से ऑनलाइन संवाद और परिचर्चाओं का आयोजन किया जायेगा। नागरिक संगठनों एवं जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी। नागरिकों द्वारा प्लॉग रन का आयोजन किया जायेगा। अभियान में 21 से 23 अगस्त तक कोविड-19 के संबंध में लोगों को नेपकिन और उपयोग किये गये मास्क आदि के सुरक्षित निपटान के संबंध में जागरूक किया जायेगा। नगरीय निकाय द्वारा क्वारेंटाइन केन्द्रों की स्वच्छता, मास्क पहनने की समझाइश और निकायों में सफाईकर्मियों को सम्मानित करने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 24 से 26 अगस्त तक आवासीय परिसरों में स्रोत पर अपशिष्ट पृथक्कीकरण, घरेलू हानिकारक कचरे का सुरक्षित निपटान करने के संबंध में जन-जागरूकता के साथ ही स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं आवासीय संघों से चर्चा की जायेगी। अंतिम चरण में 26 से 30 अगस्त तक निकायों एवं सहयोगी संगठनों के सहयोग से स्वच्छता श्रमदान तथा निकायों द्वारा सभी सार्वजनिक शौचालयों के अंदर और बाहर विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। कार्यक्रमों में मास्क पहनने और सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन करने तथा कंटेनमेंट जोन में यह गतिविधियाँ नहीं करने के निर्देश दिये गये हैं। जहाँ भी ये कार्यक्रम किये जायें, वहाँ दान-दाताओं से प्राप्त मास्क वितरित करने के लिये स्टॉल लगाये जायें। गतिविधियों की नियमित रिपोर्टिंग की जाये। इसके लिये गूगल लिंक नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय से जारी की जायेगी। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाये।

## इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में खसरा, खतौनी की नकल पाकर किसान राजेन्द्र डण्डोतिया और अंशुल हो रहे है प्रफुल्लित

**मुरैना।** राज्य सरकार द्वारा किसानो को भू-राजस्व संहिता नियम 2020 के अधीन इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में अभिलेखो की प्रमाणित प्रतिया प्राधिकृत बेब पोर्टल एवं प्राधिकृत सेवा प्रदाता के माध्यम से प्रदान करने की अनुकरणीय पहल प्रारंभ की है। जिसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा मुरैना तहसील के महावीरपुरा निवासी श्री राजेन्द्र डण्डोतिया और अंशुल लोक सेवा केन्द्र मुरैना से इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में खसरा-खतौनी के अभिलेखो की नकल प्राप्त कर प्रफुल्लित हो रहे है। कलेक्टर श्रीमती प्रियंका दास द्वारा जिले के किसानो को खसरा-खतौनी की नकल इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में प्रदान करने का कार्य प्रारंभ करा



दिया गया है। जिसके अंतर्गत किसान और नागरिको को उनकी जमीन से संबधित अभिलेख प्राप्त करने की सुविधा प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र मुरैना पर आये महावीर पुरा निवासी श्री राजेन्द्र डण्डोतिया और अंशुल को आसानी से इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में खसरा-खतौनी की नकल प्रदान की गई। मुरैना निवासी श्री राजेश डण्डोतिया और अंशुल ने बताया कि पहले तहसील में जाकर कम्प्युटर नकल प्राप्त करने मे विलंब होता था। साथ ही समय की भी बरवादी होती थी। आर्थिक रूप से आने-जाने में कठिनाई आती थी। अब मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नकल इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में प्राप्त करने की सुविधा जिला प्रशासन द्वारा राजस्व विभाग के माध्यम से सुनिश्चित की गई है। जिससे लोकसेवा केन्द्र के माध्यम से खसरा-खतौनी की नये इलेक्ट्रोनिक स्वरूप में नकल प्राप्त करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके लिए मध्यप्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, राजस्व विभाग बधाई का पात्र है।

## किसानों के लिए कृषि विभाग द्वारा दी गई सामयिक और उपयोगी सलाह

**मुरैना।** मुरैना जिले में किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की सतत निगरानी रखें। कीट व्याधि तथा अन्य बीमारियां दिखाई देने पर उनका समुचित उपचार करें। खेतों में समय-समय पर निदाई गुड़ाई करते रहे। किसानों को सलाह दी गई है कि खेतों में उपलब्ध नमी को बनाये रखने के लिए निदाई गुडाई पलवार लगाना जैसी पद्धतियों को अपनायें। सोयाबीन की फसल पर पीला मोजाईक वायरस जनित बीमारी का प्रकोप होने की आशंका रहती है। इसके फैलाव को रोकने के लिए प्रारंभिक अवस्था में ही अपने खेत में जगह जगह पर पीला चिपचिपा ट्रैप लगाये, जिससे इसका संक्रमण फैलने वाली सफेद मक्खी का नियंत्रण होने में सहायता मिले। इसके रोकथाम के लिए यह भी सलाह दी गई है कि फसल पर पीला मोजाइक रोग के लक्षण दिखते ही ग्रसित पौधों को अपने खेत से निष्कासित करें। ऐसे खेत में सफेद मक्खी के नियंत्रण के लिए अनुशंसित पूर्व मिश्रित सम्पर्क रसायन जैसे बीटासायफ्लुथ्रिन व इमिडाक्लोप्रिड 350 मि.ली. प्रति हैक्टेयर या पूर्व मिश्रित थायोमिथाक्सम व लैम्बडा सायहेलोथ्रिन 125 मि.ली. प्रति हैक्टेयर का छिड़काव करें, जिससे सफेद मक्खी के साथ साथ पत्ती खाने वाले कीटो का भी एक साथ नियंत्रण हो सके।



दालान में चीनी फुटबॉल एसोशिएशन के सुपर लीग मुकाबले में खेलते हुए एडर मार्टिन।

## साइना, कश्यप और गुरुसाईदत्त ने अभ्यास शुरु किया



**हैदराबाद।** अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने फिर से अभ्यास शुरु कर दिया है। कोरोना वायरस महामारी के कारण वह मार्च से ही अपने घर पर ही थीं। अब साइना के कुछ समय के अंदर ही भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के राष्ट्रीय बैडमिंटन शिविर से जुड़ने की उम्मीद है। साइना ओलंपिक पदक के उन आठ दावेदारों में शामिल है जिन्हें साई ने एक अगस्त को तेलंगाना सरकार की अनुमति के बाद ही सात अगस्त से ट्रेनिंग शुरू करने की अनुमति दी थी। साइना अभी पारूपल्ली कश्यप और 2014 राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता आरएमवी गुरुसाईदत्त के साथ गोपीचंद अकादमी के करीब एक अलग केंद्र में अभ्यास कर रही हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन कश्यप ने कहा, 'हम एक हफ्ते से गोपीचंद अकादमी के समीप केंद्र में ट्रेनिंग कर रहे हैं। यह छोटा केंद्र है। हमने बेसिक्स के साथ शुरुआत की है क्योंकि हम लंबे समय के बाद कोर्ट पर उतरे हैं।% वहीं विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी इस हफ्ते अभ्सास शुरू करेंगे। कश्यप से कहा, 'आठ खिलाड़ियों में से चिराग, सात्विक और अश्विनी हैदराबाद में नहीं हैं तो फिलहाल चार या पांच खिलाड़ी ही ट्रेनिंग करेंगे।

## धोनी,लेहमन और वार्न को है क्रिकेट की सबसे ज्यादा समझ : टफेल



**सिडनी।** आईसीसी अंपायरिंग पैनल में शामिल रहे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंपायर साइमन टफेल ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उनमें क्रिकेट की जबरदस्त समझ है। धोनी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के डेरेन लेहमन और शेन वॉर्न सबसे तेज दिमाग वाले क्रिकेटर रहे थे। टफेल ने यह भी कहा कि धोनी शांत स्वभाव के है पर उनका सेंस ऑफ ह्यूमर काफी अच्छा है। टफेल को सबसे अच्छा अंपायर माना जाता था। उन्होंने लंबे समय तक अंपायर के रुप में अपनी सेवाएं दी हैं। टफेल ने कहा लेहमन, वॉर्न और धोनी क्रिकेट के मैदान पर सबसे तेज दिमाग वाले खिलाड़ियों में शामिल थे। टफेल ने कहा, %मेरी नजर में धोनी शानदार हैं। मैं जितने लोगों से मिला हूं उनमें धोनी क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ समझ रखने वालों में शामिल हैं। वह बेहद संयमित रहने के साथ ही तनाव में भी नजर नहीं आते।% इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव ने भी धोनी की तारीफ करते हुए कहा था कि जब धोनी विकेट के पीछे होते थे तो उन्हें कोच की भी जरूरत नहीं पड़ती थी। धोनी की कप्तानी में भारत ने विश्व कप सहित सभी खिताब जीते हैं

### आईपीएल से छोटे देशों के खिलाड़ियों को शीर्ष खिलाड़ियों के साथ खेलने का अवसर मिला : बिशप

**जमैका।** वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज इयान बिशप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि इससे छोटे देशों के खिलाड़ियों को काफी लाभ हुआ है। बिशप ने कहा कि इससे इन खिलाड़ियों को शीर्ष टीमों के क्रिकेटरों के साथ खेलने का अवसर मिला है। इस प्रकार क्रिकेट का विस्तार कई देशों में हुआ है। बिशप ने जिम्बावे के पूर्व तेज गेंदबाज पोम्मी म्बंगवा से इंस्टाग्राम पर बात करने के दौरान ये बातें कहीं। बिशप ने कहा, आईपीएल ने निश्चित रूप से कई देशों के लिए क्रिकेट का लोकतांत्रिकरण किया है, इस दौरान जरूरी नहीं कि उनके खिलाड़ी शीर्ष क्रिकेटरों के खिलाफ खेल रहे हों। उन्होंने नेपाल के स्पिनर संदीप लामिछाने का उदाहरण देते हुए कहा, आईपीएल ने पूरा खेल बदल दिया है। बिशप ने यह भी कहा कि वेस्टइंडीज ने कुछ बड़े खिलाड़ियों को खो दिया क्योंकि प्रशासन ने टी20 की अवधारणा को पूरी तरह से नहीं समझा कि यह कैसे खिलाड़ियों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज में शुरू में प्रशासकों को टी20 क्रिकेट का महत्व का अंदाज नहीं था। इससे इसका इसका बुरा प्रभाव पड़ा है। हमने कुछ समय के लिए अपने कुछ अहम खिलाड़ियों को खो दिया और अब हम दूसरे देशों को देख रहे हैं कि वह कैसे अपने खिलाड़ियों को आईपीएल खेलने की अनुमति देते रहे हैं। इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, बहुत से अनुभवी खिलाड़ियों के इन लीग की ओर जाने से वेस्टइंडीज क्रिकेट को झटका जरुर लगा है पर एक खिलाड़ी भी अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आजाद है।

## आईपीएल खेलने बेताब हूं : रैना




**नई दिल्ली।** बल्लेबाज सुरेश रैना 19 सितंबर से यूएई में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) के 13वें सत्र का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम से खेलने वाले रैना ने टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और मुरली विजय के साथ ट्विटर पर एक फोटो भी साझा की है। रैना ने अपनी इस पोस्ट में कहा, %मैदान पर आने के लिए दिन गिनना और हर मिनट का इंतजार भारी पड़ रहा है। सत्र शुरू होने का इंतजार नहीं कर पा रहा।% रैना ने इससे पहले कहा था कि जब खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे तो उनके लिए फिटनेस और मानसिक स्पष्टता अहम रहेगी। रैना ने कहा, %इस आईपीएल में देखना होगा कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं। आप अलग हालातों में खेलते हो, कोरोना महामारी को देखते हुए आईसीसी के काफी सारे नियमों को आपको मानना होगा, आपको अपने दिमाग में साफ रखना होगा कि आप मैदान पर क्या करने वाले हो, क्योंकि अंत में जब आप खेल खेलते हो तो आपको उसका आनंद उठाना उठाना चाहिए।% मेरा मानना है कि आईपीएल से पहले सारे टेस्ट कर लिए जाएंगे और हम अच्छी मानसकिता में होंगे, क्योंकि हम सभी पिछले पांच महीनों से घर पर बैठे हैं। मैं अब खेलने के लिए तैयार हूं। वहीं रैना ने दुबई की पिचों को लेकर कहा कि वहां की पिचें भी चेन्नई की पिचों की तरह होंगी। मुझे लगता है कि इस समय वहां उमस होगी और तापमान 40 के आसपास का होगा।

## पाक के खिलाफ बचे हुए दोनो टेस्ट नहीं खेल पायेंगे स्टोक्स : ईसीबी



**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के आलराउंडर बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ बचे हुए दोनो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि स्कोक्स पारिवारिक कारणों से इन दोनो ही मैचों में नहीं खेल रहे हैं। ईसीबी ने कहा, ''स्टोक्स इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड जायेंगे। वह पाकिस्तान के खिलाफ 13 अगस्त गुरूवार और 21 अगस्त शुक्रवार से एजिस बाउल में शुरू होने वाले दोनो टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे।'' ईसीसी ने साथ ही मीडिया से भी कहा कि स्टोक्स की निजता का सम्मान करें।'' 29 वर्षीय स्टोक्स इंग्लैंड की टीम के प्रमुख सदस्य हैं और उन्होंने विश्व कप सहित कई अहम मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर इंग्लैंड टीम को जीत दिलायी है। मेजबान इंग्लैंड ने शुरूआती टेस्ट तीन विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की है।

## हॉकी खिलाड़ी मनदीप कोरोना पॉजिटिव पाये गये

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह के बाद अब फारवर्ड मनदीप सिंह भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इस प्रकार अब भारतीय टीम के छह खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हो गये हैं। भारतीय खेल प्राधिरकण (साई) ने कहा है कि मनदीप में इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं दिखाई दिये हैं और बेंगलुरू में पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ ही उनका भी इलाज हो रहा है। बेंगलुरू के साई केंद्र में 20 अगस्त से राष्ट्रीय शिविर शुरू होना है। साई ने अपने एक बयान में कहा, ''मनदीप का बेंगलुरू में साई के नेशनल सेंटर आफ एक्सीलेंस में राष्ट्रीय शिविर से पहले 20 अन्य खिलाड़ियों के साथ कोविड परीक्षण किया गया जिसमें वह पॉजिटिव पाये गये हालांकि उनमें लक्षण नहीं दिखे हैं।'' वहीं मनप्रीत और चार अन्य खिलाड़ी एक महीने के ब्रेक के बाद साई केंद्र लौटने पर पिछले सप्ताह ही पॉजिटिव पाए गए थे।

## सोना और चांदी रिकार्ड ऊंचाई पर



**मुंबई ।** भारत में सोने और चांदी की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। सोमवार को 10 ग्राम सोने की कीमत जहां 59,300 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, वहीं चांदी भी प्रति किलोग्राम 74,200 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली में 22 कैरेट सोने की ज्वैलरी की कीमत 54,360 रुपए रही। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत 53,810 रुपए थी और 24 कैरेट सोने की कीमत 58,700 रुपए प्रति 10 ग्राम रही। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 54,260 रुपए प्रति 10 ग्राम है। हरेक राज्य में सोने के जेवर की कीमत अलग-अलग होती है। एक्साइज ड्यूटी, स्टेट टैक्स और मेकिंग चार्ज में अंतर होने के कारण सोने के जेवर की कीमतें अलग-अलग होती हैं। वहीं घरेलू वायदा बाजार में अगस्त के लिए सोने की कीमत में 1.89 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### रुपया शुरुआती कारोबार में पूर्वस्तर पर रहा

**मुंबई।** एशियाई मुद्रा बाजारों में गिरावट को देखते हुए स्थानीय अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को शरुआती कारोबार में रुपया गिरावट में खुलने के बाद जल्द ही मजबूत होकर पिछले भाव के करीब रहा। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत में रुपया 74.96 रुपए प्रति डालर पर कमजोर खुला जो कि इसके पिछले बंद भाव 74.93 रुपए प्रति डालर के मुकाबले तीन पैसे नीचे रहा। हालांकि थोडी ही देर में रुपए में मजबूती आ गई और यह दो पैसे चढ़कर 74.91 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि इक्विटी बाजार में मजबूत शुरुआत होने और विदेशी मुद्रा प्रवाह बना रहने से जहां एक तरफ रुपये को समर्थन मिला, वहीं कोविड- 19 के तेजी से बढ़ते मामलों और कमजोर एशियाई मुद्राओं से रुपया कमजोर पड़ा।

## हीरो मोटोकॉर्प ने गुड़गांव के सिविल अस्पताल को डोनेट की दो फर्स्ट-रिस्पॉन्डर वाहन




**नई दिल्ली।** देश की प्रसिद्ध वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने सामाजिक दायित्व निर्वहन करते हुए दो फर्स्ट रिस्पॉन्डर वाहन (एफआरवीएस) गुरुग्राम के सिविल अस्पताल में दान किए हैं। इन्हें कंपनी ने अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत दान किया है। इन वाहनों का इस्तेमाल कोरोना वायरस से हो रही जंग में अस्पताल द्वारा ग्रामीण इलाकों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा ये अस्पताल के आस-पास मौजूद इलाकों में मरीजों को अस्पताल तक लानें में भी मदद करेंगे। इन एफआरवीएस को बनाने के लिए कंपनी ने अपनी हीरो एक्सट्रीम 200आर को कस्टम-बिल्ट किया है। इनमें जरूरी मेडिकल उपकरणों जैसे डिटैचेबल फर्स्ट-एड किट, ऑक्सीजन सिलेंडर और फायर एक्सटिंगुशर को लगाया गया है। इसके अलावा इनमें सायरन भी लगा है। हीरो मोटोकॉर्प के चीफ इनफॉर्मेशन ऑफिसर व चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर, हेड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, विजय सेठी ने बताया है कि कोरोना वायरस से हो रही जंग में हीरो मोटोकॉर्प की यह नई पहल है। हीरो मोटोकॉर्प फर्स्ट-रिस्पॉन्डर व्हीकल दान कर रही है, जिसकी मदद से फ्रंटलाइन कर्मचारी ग्रामीण और आस-पास के इलाकों में मरीजों की मदद कर पाएंगे।





### पुलिस थाना हजीरा टीम को मिली बड़ी सफलता।

# शातिर चोर दबोचे..3 मोटर सायकिल व सोना व चांदी के जेवर सहित 5 लाख बरामद

ग्वालियर। थाना हजीरा जिला ग्वालियर ने शातिर चोर, नकबजन व लुटरों की गैंग को किया बस्ट 3 शातिर चोर व नकबजन गिरफ्तार कर 3 मोटर सायकिल व सोना व चांदी के जेवर सहित 5 लाख रुपये का माल जब्त किया व शहर में हो रही चोरी ,नकबजनी व लूट का हजीरा पुलिस द्वारा पता लगाकर चोरों की संगठित गैंग को पकड़ने में सफलता प्राप्त की । थाना माधवगंज से चोरी गई 2 मोटरसाइकिल व थाना थाटीपुर से चोरी गई 1 मोटरसाइकिल जप्त की व थाना बहोड़ापुर में हुई दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज लूट का पर्दाफाश किया । दिनांक 10/8/20 शहर में चोरियों की बढ़ती वारदातों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी द्वारा अधीनस्थों को चोरी व लूट पर त्वरित कार्यवाही करने एवं चोरों के संगठित गिरोह पर नकेल कसने हेतु टीम गठित कर उस पर प्रभावी नियंत्रण करने एवं चोरों को गिरफ्तार कर जेल में निरूद्ध रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को आदेश व निर्देश दिया था जिस पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर (मध्य) श्री पंकज पांडेय व नगर पुलिस अधीक्षक



महाराजपुरा ग्वालियर श्री रवि भदौरिया ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री नागेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन व पुलिस थाना हजीरा ग्वालियर थाना प्रभारी आलोक सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस थाना हजीरा टीम ने चोरों के खिलाफ नकेल कसने हेतु मुखबिर तंत्र मजबूत कर सूचना हासिल की एवं चोरों की संगठित गेंग पर नजर रखी गई इसके परिणाम स्वरूप दिनांक 9/8/20 की शाम मुखबिर ने सूचना दी कि चोर गैंग चोरी व लूट का माल लेकर बेचने की फिराक में 9 नंबर पुलिया से सी एन जी पेट्रोल पंप होते हुए ग्वालियर से मुरैना की तरफ जाने वाले हैं । चोर गैंग की हजीरा टीआई आलोक सिंह परिहार व उनकी टीम ने ष्टह्रत्र पेट्रोल पंप मुरैना रोड पर घेराबंदी की व बहोड़ापुर पुलिस ने जलालपुर रोड की तरफ से घेराबंदी की व ष्टह्रत्र पेट्रोल पंप के पास से शातिर वाहन चोर , नकबजन व लुटेरा चमूना जाटव ,मनजीत जाटव व रवि पटेल को गिरफ्तार कर तीन मोटरसाइकिल , सोने के जेवर सहित माल कुल कीमती ?500000 जब्त किया। पुलिस थाना हजीरा में अपराध क्रमांक 243 / 20 धारा 411, 414 आईपीसी पंजीबद्ध किया गया ।

# कोविड-19: इंसीडेंट कमांडरों के साथ जिला अधिकारियों को भी सौंपे दायित्व

ग्वालियर। कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये जिले में इंसीडेंट कमांडरों के साथ-साथ अब जिला अधिकारी भी कार्य करेंगे। जिले के सभी इंसीडेंट कमांडरों के साथ जिला अधिकारियों को भी तैनात किया जायेगा। जिला अधिकारी कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के लिये किए जा रहे कार्यों में अपना योगदान देंगे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, अपर कलेक्टर श्री

**अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश**



आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, स्मार्ट सिटी सीईओ श्रीमती जयति सिंह सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में कहा कि कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम के साथ-साथ मरीजों के उपचार और जन जागृति का कार्य जिले के सभी इंसीडेंट कमांडर कर रहे हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम और उपचार के कार्य को और प्रभावी बनाने के लिये अब अन्य विभागों के जिला अधिकारियों को भी इंसीडेंट कमांडर के साथ तैनात किया जायेगा। ये विभागीय अधिकारी इंसीडेंट कमांडर के नेतृत्व में कार्य करेंगे। विभागीय कार्यों के साथ-साथ कोविड-19 से संबंधित काम भी करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी कहा कि कोविड-19 में मरीजों के उपचार के साथ-साथ आम जनों में जन जागृति के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम के लिये भी प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित करना, इंसीडेंट कमांडरों की जवबादेही है। सभी इंसीडेंट कमांडर अपने-अपने क्षेत्र में अपने अधीनस्थों की टीम गठित कर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित कराएं। इसके साथ ही वार्ड स्तरीय समितियों के माध्यम से भी जन जागृति के लिये विशेष प्रयास किए जाना चाहिए। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं और कार्यक्रमों को तेजी के साथ क्रियान्वित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में भी गति लाने के निर्देश सभी राजस्व अधिकारियों को दिए।

**वन अधिकार पट्टों को देने का कार्य तेजी से करें**

कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शासन के निर्देशानुसार वन अधिकार पट्टों को देने के कार्य की समीक्षा भी की। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में जो भी पात्र लोग हैं उन्हें वन अधिकार के पट्टे देने का कार्य तेजी से करें। अनुविभागीय अधिकारी अपने स्तर से कार्रवाई पूर्ण कर जिला स्तर पर भेजें, ताकि पात्र लोगों को पट्टे देने का कार्य किया जा सके।

# चोरी की मोटर साईकिल सहित दबोचा

ग्वालियर। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ग्वारलियर श्री अमित सांघीएभापुसेद्वारा विगत दिनों ली गई बैठकों मे जिलें के समस्तद थाना प्रभारियों को वाहन चोरों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया था। पुलिस निर्देशों के पालन मे



अति0 पुलिस अधीक्षक शहर पूर्व श्रीमती सुमन गुर्जर एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री आर0एन0 पचौरी द्वारा अपने अधीनस्तु थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र विकसित कर अपराधियों केविरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। वरिष्ठश अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन मे कार्य करते हुए दिनांक 09.08.2020 को थाना प्रभारी गोला का मंदिर उनि0 दिनेश सिंह को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाईकिल बेचने की फिराक मे सरला फार्म तरफ खडा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मेरे द्वारा प्रआर0 राजेश भदौरिया एवं स्टाफ के साथ रवाना किया। मुखबिर द्वारा बताई हुलिया अनुसार बिरला रोड पर एक व्यक्ति बिना नम्बर की मोटर साईकिल चलाते दिखाए जिसे पुलिस बल द्वारा रोककर वाहन के दस्तावेज एवं चालक के दस्तावेज मौके पर चाहे गये परन्तु संदेही द्वारा कोई संतोषजनक जबाब नही दिया गया और ना ही कोई दस्तावेज पेश कियेए बाद विस्तृत पूछताछ पर संदेही ने अपना नाम प्रवीण शर्मा पुत्र नन्दकिशोर शर्मा उम्र 24 साल निवासी आदित्यपुरम शिवमन्दिर के पास ग्वालियर मे रवि गुर्जर के मकान मे किराये से स्थाई निवासी तेहरा थाना गोहद चौराहा जिला भिण्ड मण्प्रण्का होना बतायाए जिसे थाना लाकर पुनः पूछताछ पर दिनाँक 01ण्08ण्2020 को जडेरुआ भोजनालय पिन्टो पार्क गोले का मन्दिर से उक्त मोण्साण् चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय भूमिका .उक्त वाहन चोर को गिरफ्तार करने मे थाना प्रभारी उनिण्दिनेश सिंहए प्रआरण्1676 राजेश भदौरियाए वरिष्ठ आरण्325 पूरन सिकरवारए आरण्1622 गिर्राज सिंहए आरण्2310रामवरन गुर्जरए आरण्चालक सचिन तोमरकी सराहनीय भूमिका रही।

# जेएएच में प्लाज्मा थैरेपी शुरू

**कोल्ड ओपीडी का शुभारंभ**



ग्वालियर। विश्व भर में कोरोना महामारी से निपटने के लिये कार्य किया जा रहा है। कोरोना से निपटने के लिये प्लाज्मा थैरेपी को भी अपनाया जा रहा है। ग्वालियर में भी प्लाज्मा थैरेपी के माध्यम से कोविड-19 के उपचार का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जयारोग्य चिकित्सा समूह के ब्लड बैंक में सोमवार को प्लाज्मा थैरेपी का कार्य शुरू किया गया। संभागीय आयुक्त श्री एम बी ओझा, पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. एस एन अयंगर की उपस्थिति में प्लाज्मा थैरेपी का काम शुरू हुआ। कोविड-19 के जो मरीज उपचार के पश्चात पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गए हैं, उनका प्लाज्मा कोरोना पॉजिटिव मरीज के उपचार में कारगर साबित हो रहा है। इसकी शुरूआत ग्वालियर में भी की गई है। ग्वालियर ब्लड बैंक में अब प्लाज्मा एकत्र करने का कार्य शुरू किया गया है। प्लाज्मा थैरेपी के शुभारंभ अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अधीक्षक जेएएच डॉ. आर एस धाकड़ सहित चिकित्सक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने कहा कि प्लाज्मा थैरेपी के माध्यम से कोरोना मरीजों के उपचार में सहायता होगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य भी मिलेगा।

### संभाग आयुक्त ओझा ने अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# संबल योजना के पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहें

ग्वालियर। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि संबल योजना के पात्र एवं जरूरतमंद श्रमिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें और योजनाओं की निरंतर समीक्षा भी करें। संभाग आयुक्त श्री एम बी ओझा ने उक्त आशय के निर्देश सोमवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित अंतरविभागीय समन्व्य समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्री आर पी भारती, संयुक्त आयुक्त विकास श्री रामकुमार शर्मा सहित संभाग स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। संभाग आयुक्त श्री ओझा ने शासन की हितग्राहीमूलक विभागीय



योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोरोना काल को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चे एवं धात्री माताएं नहीं आ पा रही हैं ऐसी स्थिति में केन्द्र से मिलने वाली सेवाओं के साथ प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत संभाग में कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए संयुक्त पंजीयक सहकारिता को निर्देश दिए कि अवैध गृह निर्माण समितियों एवं सहकारी समितियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें। ऐसी समितियां जिनके द्वारा न्यायालय से स्थगन ले लिया है, ऐसे प्रकरणों में स्थगन रिक्त कराने की भी कार्रवाई करें। श्री ओझा ने विभिन्न निकायों में लंबित लोकल फंड की कंडिकाओं के निराकरण की कार्रवाई गठित टीम द्वारा किए जाने के संयुक्त संचालक लोकल फंड को निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने संबल योजना की समीक्षा करते हुए श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों का सत्यापन कर यह सुनिश्चित करें कि जरूरतमंद एवं पात्र श्रमिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। संभाग आयुक्त ने संभाग के सभी जिलों में सोयाबीन के साथ अन्य खरीफ फसलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए संयुक्त संचालक कृषि को निर्देश दिए कि खरीफ फसलों के लिये किसानों को यूरिया एवं अन्य उर्वरक तथा कीटनाशक दवाओं के लिये परेशान न होना पड़े, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडी बोर्ड द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों। सभी कृषि उपज मंडियों में कोरोना के संक्रमण को देखते हुए किसानों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# पुलिस ने 10 हजार के फरारी इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

ग्वालियर। पुलिस अधीक्षक अमित सांघी,भापुसे द्वारा विगत दिनों ली गई बैठक मे जारी निर्देषों के परिपालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक, ग्वालियर ग्रामीण राय सिंह नरवरिया एव एसडीओपी डबरा उमेष सिंह तोमर द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को फरारी बदमाषों की धरपकड़ हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के लिये निर्देषित किया गया था। एसडीओपी डबरा उमेष सिंह तोमर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना बिलौआ क्षेत्र से दिनांक 20.05. 2020 को हुये अपहरण के आरोपी को बीरपुर बंधा के आसपास देखा गया है उक्त सूचना पर से तत्काल कार्यवाही करते हुये एसडीओपी डबरा ने थाना बिलौआ एवं थाना डबरा तथा क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम बना कर मुखबिर के बताये स्थान की घेराबंदी कर उक्त बदमाष को गिरफ्तार कर अपहर्ता पूजा (काल्पनिक नाम) पुत्री रामबाबू पारदी उम्र 17 वर्ष निवासी गंगापुर थाना बिलौआ ग्वालियर को बरामद किया। पुलिस पूछताछ में बदमाष ने अपना नाम सोनू पुत्र रामसिंह चितौड़िया उम्र 22 वर्ष निवासी संदलपुर थाना खाते गॉव जिला देवास बताया। उक्त बदमाष थाना विलौआ के अप0क्र0 72/20 धारा 363 भादवि के प्रकरण में फरार चल रहा था। उक्त बदमाष की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 10 हजार रूपये का इनाम भी घोषित किया गया था। सराहनीय भूमिकाः उक्त ईनामी फरारी बदमाष को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बिलौआ निरी अनिल सिंह भदौरिया,उनि सुमित सुमन, प्रआर गजेन्द्र सिंह गुर्जर आर. सौरव शर्मा, महेष भघेल एवं उक्त कार्य में अति विषिष्ठ भूमिका उनि विकास राठौर, सउनि जीतबहादुर सिंह, आर. उदयवीर सिंह, मआर कविता तोमर, मआर आषना शर्मा तथा

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ
पुष्पांजली टुडे
क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक
डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु
नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी
संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560

प्रतिभा हम निखारेंगे
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।
हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।
पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207
नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे

Pro- Bipin Singh Tomar
9301759475 9713253992
Mail-Vipintomar172@gmail.com
Somya Advertise & Marketing Service
Boost Your Business In Lockdow
Promote Your Business & Generate Leads
Bulk Sms & Voice call Marketing
Bulk Whatsapp Sender
Digital Marketing
Door To Door Marketing
Flex And Pritning & Printing Media
E. media, FM Redio
Add- Radha Krishna Plaza Near By Police Choki Sabji Mandi Pinto Park Gwalior (M.P.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478